दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 67 जयपुर, गुरुवार, 15 फरवरी, 2024 | माघ, शुक्ल पक्ष- षष्ठी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


### राजस्थान से राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए राहुल-प्रियंका के साथ जयपुर पहुंचीं सोनिया

# सोनिया गांधी ने भरा पर्चा... गहलोत और डोटासरा बने प्रस्तावक

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने बुधवार को जयपुर पहुंच कर राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इससे पहले सोनिया गांधी, राहुल और प्रियंका वाड्रा के जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली समेत कांग्रेस के नेताओं और विधायकों ने उनका स्वागत किया। दोपहर करीब 12 बजे कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ सोनिया गांधी राजस्थान विधानसभा पहुंचीं, जहां विधायक दल की बैठक ली। कांग्रेस नेताओं ने सोनिया गांधी को पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि सोनिया गांधी के राज्यसभा में नामांकन दाखिल करने से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और उनके राज्यसभा में जाने से कांग्रेस को पार्टी को काफी बल मिलेगा।

इससे पहले प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सिविल लाइंस कार्यालय में सोनिया गांधी के नामांकन की तैयारी को अंतिम रूप दिया। बैठक के बाद सोनिया गांधी ने राजस्थान से राज्यसभा के लिए नामांकन किया है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा समेत कई विधायक प्रस्तावक बने।



**कांग्रेस की जीत तय:** राज्यसभा सदस्यों के चुनाव में कांग्रेस की जीत तय मानी जा रही है। संख्या बल के हिसाब से कांग्रेस को एक सीट मिलना तय है। एक सीट के लिए 51 वोट चाहिए, जबकि कांग्रेस के पास खुद के 70 वोट है।

**कल होगी नामांकन पत्रों की जांच:** राज्यसभा सदस्यों के लिए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 16 फरवरी को विधानसभा के कमरा नं. 751 में होगी। अभ्यर्थी 20 फरवरी तक नाम वापस ले सकेंगे। आवश्यक होने पर 27 फरवरी को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। इसी दिन 5 बजे से मतगणना होगी। चुनाव प्रक्रिया 29 फरवरी से पूर्व संपन्न कर ली जाएगी। गौरतलब है कि प्रदेश में राज्यसभा की 3 सीटों के लिए निर्वाचन होना है, जो 3 अप्रैल 2024 को रिक्त हो रही हैं।

### तीन सीटों पर होने हैं चुनाव

राजस्थान से राज्यसभा में दस सीट हैं। इनमें से डॉ. मनमोहन सिंह और भूपेंद्र यादव का कार्यकाल 3 अप्रैल 2024 को पूरा हो रहा है, जबकि डॉ. किरोड़ीलाल मीणा (भाजपा) ने विधानसभा चुनाव जीतने के बाद राज्यसभा सांसद के पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में राजस्थान की तीन राज्यसभा सीटों पर आगामी दिनों में चुनाव होने हैं। विधायकों की संख्याबल के हिसाब से तीन में से दो सीट पर भाजपा और एक सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी की जीत तय है।

### कांग्रेस को स्थानीय नेताओं पर भरोसा नहीं: जोशी

सोनिया गांधी के राज्यसभा चुनाव के लिए प्रदेश से अपना नामांकन दाखिल करने पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस को अपने स्थानीय नेताओं पर भरोसा नहीं है। कांग्रेस के अधिकांश राज्यसभा सदस्य बाहर से ही आए हैं। उन्होंने कहा कि अच्छा होता अगर कांग्रेस स्थानीय लोगों को वरीयता देती। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने स्थानीय कार्यकर्ताओं को महत्व देकर उन्हें राज्यसभा में पहुंचने का काम करती है।

## जरूरी खबर

### स्कूलों में सूर्य नमस्कार के खिलाफ याचिका खारिज



**जयपुर**। प्रदेश के स्कूलों में सूर्य नमस्कार पर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा। एक तरफ राजस्थान हाईकोर्ट ने इस संबंध में मुस्लिम फोरम की याचिका खारिज कर दी है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम संगठनों ने 15 फरवरी को स्कूलों का बहिष्कार का आह्वान किया है। गौरतलब है कि राजस्थान सरकार ने पिछले दिनों में सभी स्कूलों में सूर्य नमस्कार कराने का आदेश जारी किया था। यह आदेश जारी होते प्रदेश में बवाल मच गया। मुस्लिम समाज की ओर से एक संगठन मुस्लिम फोरम ने इस आदेश के विरुद्ध हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी। हालांकि अब हाईकोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी है कि मुस्लिम फोरम कोई रजिस्टर्ड संस्था नहीं है। अपने आदेश में हाईकोर्ट ने लिखा है कि कोई भी संगठन तभी याचिका दायर कर सकता है जब वह रजिस्टर्ड हो। **पेज 2 भी देखें**

### बदरीनाथ धाम के 12 मई को सुबह खुलेंगे कपाट



**देहरादून**। उत्तराखंड चारधाम यात्रा के लिए तैयारियां शुरू हो गईं हैं। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख तय हो गई है। बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को ब्रह्ममुहुर्त सुबह 6 बजे खुलेंगे। बसंत पंचमी के अवसर पर बुधवार को नरेंद्रनगर (टिहरी) स्थित राजदरबार में कपाट खुलने की तारीख घोषित की गई। जबकि, केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख 8 मार्च शिवरात्रि के अवसर पर तय होगी। गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के दिन खोले जाएंगे। बसंत पंचमी के दिन बुधवार सुबह को धार्मिक समारोह शुरू होने के साथ ही पूजा-अर्चना, पंचाग गणना के बाद धाम के कपाट खोलने की तारीख का ऐलान किया गया।

### PM मोदी ने अबू धाबी में किया पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन

# मंदिर सांप्रदायिक सौहार्द का बनेगा प्रतीक: मोदी






**एजेंसी** | अबू धाबी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दौरे के दूसरे दिन बुधवार को अबू धाबी शहर में पहले हिंदू मंदिर मंदिर का उद्घाटन किया और भगवान की आरती उतारी। उन्होंने कहा कि आज अबू धाबी के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा है। यह मंदिर दुनिया में शांति और सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बनेगा। राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद का इस मंदिर को तैयार करने में सबसे बड़ा सहयोग रहा है। उन्होंने सालों से हिंदुस्तानियों की इच्छा को पूरा किया। उन्होंने भारतीयों के दिलों को जीत लिया। मैं मां भारती का पुजारी हूं। मेरे शरीर का कण-कण सिर्फ मां भारती के लिए है। 140 करोड़ देशवासी मेरे आराध्य देव हैं। मोदी ने कहा, आज बसंत पंचमी है। मां सरस्वती का दिन है। सरस्वती यानी बुद्धि की देवी और मंदिर ने सामंजस्य और सौहार्द का संदेश दिया है। यह मंदिर बसंत का स्वागत करेगा और पूरी दुनिया में शांति और सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बनेगा।

### राष्ट्रपति को स्टैंडिंग ऑवेशन दिलाया

मोदी ने सभी से निवेदन किया हम सभी यूएई के राष्ट्रपति को स्टैंडिंग ऑवेशन दें। यहां के लोगों का भी दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। भारत और यूएई की दोस्ती को नई ऊंचाई पर देखा जाता है। भारत के लिए इन रिश्तों की जड़ें हजारों साल पुरानी है। अरब जगत व्यापार में अहम भूमिका निभाता रहा है। गुजरात के लिए तो अरब जगत व्यापारिक रिश्तों का केंद्र होता है। इस मंदिर ने हमारे प्राचीन रिश्तों में नई ऊर्जा भर दी है। ये केवल एक उपासन स्थल नहीं है, ये मानवता का हेरिटेज है। इसमें भारत-यूएई के रिश्तों का एक आध्यात्मिक प्रतिबिंब भी है। स्वामीनारायण संप्रदाय इसका प्रतीक है।

**मैं मां भारती का पुजारी:** पीएम मोदी ने कहा कि ये भारत के अमृतकाल का समय है। ये हमारी आस्था का भी अमृतकाल है। पिछले महीने ही अयोध्या में राम मंदिर का शुभारंभ हुआ है। रामलला अपने मंदिर में विराजमान हुए हैं। पूरा भारत भक्ति भाव में डूबा है। पीएम ने कहा कि मैं भारत मां का पुजारी हूं। परमात्मा ने मुझे जो शरीर दिया है, उसका कण कण सिर्फ मां भारती के लिए है। 140 करोड़ देशवासी मेरे आराध्य देव हैं।

### शेख मोहम्मद ने 140 करोड़ भारतीयों का दिल जीता

मोदी ने कहा कि इस मंदिर के निर्माण में यूएई की सरकार की जितनी तारीफ की जाए, उतनी कम है। इस मंदिर को तैयार करने में सबसे बड़ा सहयोग शेख मोहम्मद बिन जायद का है। उन्होंने कई सालों से हिंदुस्तानियों की इच्छा को पूरा किया है। उन्होंने आज 140 करोड़ भारतीयों के दिलों को जीत लिया है। मैं चाहता हूं कि शेख मोहम्मद बिन जायद की विशेषताओं को केवल भारत ही नहीं, पूरी दुनिया जानें। जब मैंने उनसे मंदिर के लिए इच्छा जाहिर की तो उन्होंने पलक झपकते ही जमीन दान करा दी। जब मैंने उन्हें 2018 में मंदिर का मॉडल दिखाए तो उनकी सोच साफ थी कि अबू धाबी में जो मंदिर बने वह पूरे वैभव और गौरव के साथ बने। वे चाहते थे कि मंदिर बने ही नहीं, मंदिर जैसा दिखे भी। इस मंदिर की भव्यता में शेख मोहम्मद की विशाल सोच भी समाहित है। यूएई पहले बुर्ज खलीफा के लिए जाना जाता था, लेकिन अब इसमें एक नया अध्याय जुड़ गया है। उम्मीद है कि यहां दुनियाभर से श्रद्धालु आएंगे।

### मंदिर में भगवान श्रीराम, जगन्नाथ, राधा-कृष्ण की मूर्ति

स्वामीनारायण संप्रदाय बीएपीएस मंदिर पश्चिम एशिया का सबसे बड़ा मंदिर है। यह मंदिर 27 एकड़ में नागर शैली में बनकर तैयार हुआ है। इसकी ऊंचाई 108 फीट है और निर्माण पर 700 करोड़ रुपए खर्च हुए। बीएपीएस मंदिर में भगवान श्रीराम-सीता और लक्ष्मण, शिव-पार्वती और गणेश, भगवान जगन्नाथ, राधा-कृष्ण समेत अन्य देवी-देवताओं की मूर्ति लगी हैं। मंदिर से 7 अलग-अलग शिखरों के नीचे इनकी स्थापना की गई।

### बेणेश्वर धाम में राष्ट्रपति ने लखपति दीदी सम्मेलन को किया संबोधित

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाएं निभाएंगी अग्रणी भूमिका

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि समाज के अन्य वर्गों के लोग आदिवासी समाज से बहुत कुछ सीख सकते हैं। जनजातीय समुदायों ने स्वशासन के अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर प्रसन्नतापूर्वक कैसे जीवन जिया जाता है यह आदिवासी समाज से सीखा जा सकता है। आदिवासी समाज से हम प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना न्यूनतम संसाधनों में बेहतर जीवन जीना भी सीख सकते हैं। महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में भी आदिवासी समाज ने देश को दिशा दिखाई है।

राष्ट्रपति बुधवार को असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने महिलाओं में शिक्षा एवं कौशल विकास को बढ़ावा दिए जाने पर बल दिया, जिससे महिलाएं देश और दुनिया की प्रगति में बराबर की भागीदार बन सकें।

उन्होंने विश्वास जताया कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सफलता के बल पर ही भारत के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। हमारा देश तभी आत्मनिर्भर हो सकता है, जब हमारी हर इकाई आत्मनिर्भर होगी। उन्होंने आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए स्वयं सहायता समूहों और उससे जुड़े सभी लोगों की सराहना की।

इसके साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बेणेश्वर धाम स्थित श्री हरि मंदिर में दर्शन और पूजा अर्चना भी की। वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र खराड़ी एवं महंत अच्युतानंद महाराज ने मंदिर में पूजा करवाई। इसके बाद उन्होंने संत मावजी महाराज के संग्रहालय का भी अवलोकन किया।



*स्वयं सहायता समूहों से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं राष्ट्रपति।*

### सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री भजनलाल

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी ने देशभर में 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है। उनके संकल्प को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार ने प्रदेश की 11 लाख 27 हजार महिलाओं को अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध रूप से लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि इनमें 2.80 लाख महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में आ भी चुकी हैं।

# होटल और बजरी कारोबारी पर ED की रेड



@ नागौर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में बुधवार को बजरी और होटल कारोबारी मेघराज सिंह के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की। जयपुर, नागौर और उदयपुर समेत कई शहरों में ईडी ने छापेमार कार्रवाई की। कार्रवाई में जयपुर और दिल्ली की टीमें शामिल रही। जयपुर में 200 फीट बाईपास के पास मुख्य ऑफिस, वैशाली नगर स्थित मेघराज आवास, पानीपेच चौराहे के पास बजरी कार्यालय पर ईडी ने रेड डाली। इसके साथ ही टोंक, भरतपुर, सवाई माधोपुर और नागौर की साइट पर भी ईडी की टीम पहुंची। इसके साथ ही उदयपुर में तीन जगहों पर सर्च की कार्रवाई की जा रही है।

### किसान आंदोलन का दूसरा दिन

# जींद और शंभू बॉर्डर पर तनाव... पंजाब में ट्रेन रोकने का ऐलान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून बनाने की मांग समेत 12 सूत्री मांगों के लिए दिल्ली कूच कर रहे किसानों का जत्था बुधवार भी पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर ही टिका रहा। इस दौरान, पुलिस और किसानों के बीच दिनभर कई दौर की भिड़ंत हुई। शाम में इस बात पर सहमति बनी कि आंदोलनकारी किसानों के साथ केंद्र सरकार के प्रतिनिधि मंत्री गुरुवार को चंडीगढ़ में तीसरे दौर की बातचीत करेंगे। इस बैठक में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंधेर फिर से केंद्रीय मंत्रियों से बातचीत करने पर सहमत हो गए हैं।

उधर, किसानों के दिल्ली कूच के दूसरे दिन भी पुलिस और प्रशासन की सांसें अटकी रहीं। किसानों को रोकने के पुलिस हाई अलर्ट पर रहीं।

वहीं मंगलवार को ड्रोन से आंसू गैस के गोले फेंकने पर बुधवार को पूरा दिन विवाद होता रहा। पंजाब ने हरियाणा पर सवाल उठाया तो हरियाणा ने भी पलटवार किया। उधर, किसानों की शंभू और खनौरी बॉर्डर से दिल्ली में घुसने की कोशिशें जारी हैं। दिल्ली बॉर्डर पर बुधवार को जाम की स्थिति बनी रही। दिल्ली और हरियाणा के अलावा यूपी पुलिस किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने में सफल रही। हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसानों और पुलिस के बीच झड़प हुई। पुलिस ने बदले में ड्रोन से आंसू गैस के गोले दागे। केंद्र सरकार ने अपील की है कि आंदोलन के दौरान हिंसा न करें और बातचीत से हल निकालें। **पेज 8 भी देखें**

### हरियाणा के 15 जिलों में धारा 144 लागू

हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर बुधवार सुबह होते ही किसान एक बार फिर एक्टिव हो गए हैं। बॉर्डर पर करीब 2500 ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ किसान जुट गए। वहीं प्रशासन ने हरियाणा के 15 जिलों में धारा 144 लागू कर दी है।



### पंजाब: चार घंटे रेलवे ट्रैक जाम करेंगे किसान

हरियाणा-पंजाब बॉर्डर पर किसानों पर आंसू गैस के गोले दागे जाने के बाद भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) ने स्टेट लेवल बॉडी की मीटिंग बुलाई। इसके बाद बीकेयू के प्रमुख जोगिंदर सिंह उगराहां ने गुरुवार को दोपहर 12 से 4 बजे तक पंजाब में रेलवे ट्रैक जामकर विरोध-प्रदर्शन का ऐलान कर दिया। इससे 6 जिलों में रेल संचालन पर असर पड़ेगा। किसान लुधियाना, अमृतसर, बठिंडा, बरनाला, फतेहगढ़ साहिब और मोगा में ट्रेनें रोकेंगे। इसका सीधा असर पंजाब, दिल्ली और हरियाणा समेत अन्य राज्यों से आने-जाने वाली रेल गाड़ियों पर पड़ेगा।

## ये भी देखें...

सीएम सुधांश पंत ने किया औचक निरीक्षण पेज-3

## जरूरी खबर

### निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का किया सम्मान



**जयपुर।** राजस्व मण्डल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं नवाचारों को लेकर वर्ष 2023 में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया। समारोह में निबंध प्रतियोगिता के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी, राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी व आम नागरिक वर्ग के तहत राज्यभर से प्राप्त प्रविष्टियों में से मूल्यांकन आधार पर श्रेष्ठ निबंध लेखन के लिए चयनित प्रतिभागी पुरस्कृत हुए।

### नोहर फीडर की क्षमता 332 क्यूसेक होगी

**जयपुर।** हनुमानगढ़ जिले की नोहर सिंचाई योजना में राजस्थान को निर्धारित पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नोहर फीडर की क्षमता 226 क्यूसेक से बढ़ाकर 332 क्यूसेक की जाएगी। इसके साथ ही पंजाब क्षेत्र में फिरोजपुर फीडर की मरम्मत भी की जाएगी। इसके लिए केंद्रीय जल आयोग एवं राजस्थान तथा पंजाब सरकार के संयुक्त प्रयास प्रगति पर हैं। 26 जुलाई 2022 को 4 सदस्यीय तकनीकी कमेटी का गठन किया गया। तकनीकी कमेटी द्वारा फील्ड विजिट कर नोहर सिंचाई परियोजना को निर्धारित शेयर से कम पानी उपलब्धता के मद्देनजर राजस्थान की ओर से नोहर फीडर की क्षमता 226 क्यूसेक से बढ़ाकर 332 क्यूसेक किए जाने अनुशंषा की थी।

### अन्नपूर्णा रसोई व स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण



**जयपुर।** जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित के निर्देशानुसार बुधवार को 19 अधिकारियों द्वारा 17 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं नगर निगम क्षेत्र में संचालित 17 श्री अन्नपूर्णा रसोई का औचक निरीक्षण किया। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में स्थित 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 18 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी, आईपीडी, मानव संसाधन, लेबर रूम की स्थिति, साफ—सफाई, एंबुलेंस की स्थिति, ब्लड बैंक, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना सहित अन्य सेवाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेकर संबंधित अस्पताल प्रभारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

---

**बालिका शिक्षा प्रोत्साहन एवं पाठ्य पुस्तक मण्डल का स्वर्ण जयंती समारोह में बोलीं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी...**

# उज्ज्वल भविष्य निर्माण में सार्थक साबित होगी नई शिक्षा नीति

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में बुधवार को बालिका शिक्षा प्रोत्साहन एवं पाठ्य पुस्तक मण्डल का स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और विजन से तैयार नई शिक्षा नीति देश के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में सार्थक साबित होगी। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार राजस्थान सरकार द्वारा भी बालिका शिक्षा और उनके कल्याण के लिए नई योजनाएं लागू की जा रही है।




उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की नई की बारात लिख रही है। उन्होंने बेटियों का आह्वान किया कि वे असंभव शब्द को अपनी डिक्शनरी से हटाकर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़े। उन्होंने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सौ प्रतिशत प्रयास करने से निश्चित ही सफलता मिलती है। पहले की तरह अब लोगों को जूझना नहीं पड़ता। आधुनिक तकनीक के युग में कंप्यूटर, मोबाइल और गूगल, इंटरनेट ने जीवन को आसान बना दिया है। यह कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल और राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

### बालिका शिक्षा के लिए निरंतर प्रयास

दीया कुमारी ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से नई शिक्षा नीति, बेटी बचाओ—बेटी पढ़ाओ योजनाओं, सुकन्या योजनाओं व बालिका समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना जैसी कई योजनाएं चल रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बालिका शिक्षा व महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बजट में कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों तथा कक्षा 9 से 12वीं तक की छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, किताबों व यूनिफार्म के लिए प्रति विद्यार्थी रुपए 1000 देने की घोषणा भी हमने की है। दीया कुमारी ने कहा कि लखपति दीदी योजना में 5 लाख परिवारों की आय को एक लाख रुपए वार्षिक तक ले जाने का कार्य किया जाएगा।

### नई शिक्षा नीति को लागू करने पर फोकस

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप नई शिक्षा नीति को चरणवार लागू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, यह नीति गत सरकार के समय किन्हीं कारणों से गति नहीं पकड़ पाई थी, मगर अब हमारा इस पर पूरा फोकस है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में विद्यार्थी जहां एक ओर आर्ट्स के साथ मैथ्स या साइंस के साथ आर्ट्स की पढ़ाई के अवसर प्रदान करने की दिशा में सोचा गया है, वहीं प्रारम्भिक शिक्षा, मातृभाषा और स्थानीय भाषा में देने सहित 12वी कक्षा पास करने के बाद विद्यार्थियों को रोजगार के योग्य सक्षम बनाने के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और शिक्षा मंत्री ने प्रतिभावान बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार और बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए वहीं स्टेट ओपन स्कूल के मोबाइल और ई-कंटेंट तथा राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मंडल के सॉफ्टवेयर, निर्देशिका तथा छठी कक्षा के लिए इंग्लिश ग्रामर की पुस्तक का भी विमोचन किया।

---

**स्कूलों में सूर्य नमस्कार को लेकर विवाद**

# मुस्लिम संगठन ने जताया विरोध हम पर नहीं थोप सकते हिंदू धर्म

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में आज गुरुवार को सूर्य सप्तमी पर सभी सरकारी स्कूलों में सूर्य नमस्कार करवाया जाएगा। सरकार इसके आदेश पहले ही जारी कर चुकी थी, लेकिन स्कूलों में सूर्य नमस्कार से पहले बुधवार को सरकार के आदेश पर विवाद बढ़ गया। दरअसल, सरकार के आदेश को लेकर जमीयत ए उलेमा के जनरल सेक्रेटरी अब्दुल वाहिद ने आपत्ति जताते हुए इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि किसी दूसरे धर्म की मान्यता को किसी अन्य धर्म या व्यक्ति पर नहीं थोपा जा सकता। हर आदमी अपने विचार के अनुसार काम करने के लिए स्वतंत्र है।

सूर्य नमस्कार हिंदू धर्म का है। जिसमें ऐसी क्रियाएं और श्लोगन हैं। इस्लाम धर्म में केवल अल्लाह की इबादत होती है। सूर्य की नहीं, किसी को सूर्य नमस्कार के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने इस दिन मुस्लिम समाज के बच्चों को स्कूल नहीं भेजने की अपील की हैं। इधर, सूर्य नमस्कार करने के निर्णय को लेकर हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। जिसे बुधवार का हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया।

### सूर्य नमस्कार के खिलाफ कोर्ट में दायर याचिका खारिज

कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम फोरम एक रजिस्टर्ड संस्थान नहीं है। हाई कोर्ट में केवल रजिस्टर्ड संस्थान ही याचिका दायर कर सकता है। वहीं इस पूरे मामले पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल

### मुख्यमंत्री ने कहा- ये केवल बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया

शर्मा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सूर्य नमस्कार को किसी धर्म और जाति से जोड़कर देखना गलत है। स्कूलों में सूर्य नमस्कार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया है।



### प्रदेशभर के स्कूलों में आज आयोजन

प्रदेश के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में सूर्य सप्तमी (15 फरवरी) के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एक ही समय अवधि में सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया जाएगा। यह गतिविधि 15 फरवरी को सभी स्कूलों में प्रार्थना सभा के बाद प्रातः 10.30 बजे से 10.45 बजे की अवधि में एक साथ आयोजित होगी। इसके तहत पांच बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास होगा। सभी स्कूलों में छात्र एवं छात्राओं के अलग-अलग समूहों में इस गतिविधि का आयोजन होगा।

### शिक्षा मंत्री ने दिया जवाब

मुस्लिम संगठन की ओर से सूर्य नमस्कार को हिंदू धार्मिक क्रिया बताने के सवाल पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार धार्मिक क्रिया नहीं है। विश्व के कई देशों ने सूर्य नमस्कार को स्वीकार किया है। इसलिए 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है। सूर्य नमस्कार एक तरह का सर्वांग योग है। इसमें सत्र की योग समाहित है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के आदेश सभी स्कूलों में अनिवार्य रूप से लागू रहेंगे।

### सूर्य नमस्कार का विरोध करने वाले बहरूपिया: राठौड़

कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सूर्य नमस्कार के विरोध को लेकर कहा, यह सब बहरूपिया हैं। इनका असली चेहरा जनता के सामने आने लगा है। एक तरफ पूरी दुनिया सनातन को अपनाने में लगी है और यह राजनीतिक द्वेष के चलते योग जैसी विद्या से आमजन को दूर करने का षड्यंत्र कर रहे हैं। वहीं, समुदाय विशेष के बच्चों को सूर्य नमस्कार नहीं करने का फतवा जारी के मामले में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की सरकार राष्ट्रवाद के विचारों पर चलने वाली है। देश एक विधान के कानून पर चलता है जो सब के लिए समान है

---

**विधायक शर्मा ने पार्कों का किया निरीक्षण**

# लोगों की समस्याएं सुन दिए समाधान के निर्देश



**बेधड़क | जयपुर**

सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा बुधवार को क्षेत्र के पार्कों सिविल लाइंस पार्क, राजभवन रोड और महिमा पार्क स्वेज फार्म की व्यवस्था जांचने पहुंचे। इस दौरान विधायक शर्मा ने लोगों से मुलाकात कर समस्याएं जानीं और निस्तारण के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ उन्होंने विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया।

विधायक गोपाल शर्मा बुधवार को सबसे पहले राजभवन के पीछे स्थित सिविल लाइंस पार्क पहुंचे। यहां मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों से की मुलाकात, पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय निवासी अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष खंडेलवाल, वरिष्ठ पत्रकार सिद्धार्थ भट्ट, निवासी चंद्रकांता और बुजुर्ग नचिकेता ने क्षेत्र की समस्याएं बताईं। विधायक शर्मा ने अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। गोपाल शर्मा, नगर निगम जयपुर हेरिटेज की मेयर मुनेश गुर्जर ने सिविल लाइंस पार्क में नए फुटपाथ ट्रैक निर्माण और विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया।

साथ ही पार्क में आर्किटेक्ट्स के परामर्श से शानदार फाउंटेन बनवाने और अन्य सौंदर्यीकरण कार्य शुरू करने के लिए भी निर्देश दिए। उसके बाद विधायक गोपाल शर्मा स्वेज फार्म के महिमा पार्क पहुंचे। यहां पार्क में कचरे और गंदगी के ढेर देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। साथ ही स्थानीय पार्षद और ठेकेदार को पानी के छिड़काव और नियमित सफाई के लि निर्देश दिए। उन्होंने हवा सड़क सिविल लाइंस पुलिया के नीचे सुलभ कॉम्प्लेक्स का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक शर्मा को परिसर में पानी की उपलब्धता और बिजली कनेक्शन नहीं होने को गंभीरता से लेते हुए सुलभ शौचालय में पानी और बिजली की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

---

**शिवचरण माथुर की जयंती पर पुष्पाजंलि अर्पित**

# बसंत पंचमी पर देवनानी ने पूजा करके की खुशहाली की कामना

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को यहां राजस्थान विधानसभा में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि व खुशहाली की कामना की। देवनानी ने कहा कि नई उमंग, नई ऊर्जा और नवीन स्फूर्ति का प्रतीक बसंत पंचमी पर्व पर विद्यादायिनी मां सरस्वती सभी के जीवन को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करें। वहीं देवनानी ने बुधवार को यहां विधानसभा में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। देवनानी ने बनीपार्क गुलाब उद्यान कराटे क्लब के विजेता कराटे खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष ने बुधवार को यहां विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर की जयंती पर पुष्पाजंलि अर्पित की।



---

**लोकसभा चुनाव: भाजपा कार्यालय में आगामी रणनीति पर चर्चा**

# प्रदेश में केंद्रीय नेताओं के दौरे 20 से

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर लोकसभा प्रभारी, सह प्रभारी और संयोजकों की नियुक्ति के बाद बुधवार को प्रदेश कार्यालय भाजपा की पहली बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनावों की आगामी रणनीति को लेकर चर्चा हुई।

इसमें तय हुआ है कि 20 फरवरी से प्रदेश में लोकसभा वार केंद्रीय नेताओं के दौरे शुरू होंगे। वहीं, विधानसभावार प्रदेश के नेताओं के दौरे होंगे। इसकी शुरुआत बीकानेर से होगी। बीकानेर क्लस्टर की तीन लोकसभा सीटों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 20 फरवरी को दौरा होगा।




श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ लोकसभा सीट के प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर केंद्रीय नेताओं दौरों की शुरुआत बीकानेर से होगी। इसके बाद उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का लोकसभावार दौरा होगा। गौरतलब है कि पार्टी ने प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों को 8 क्लस्टर में बांटकर उनके इंचार्ज तय किए हैं। बीकानेर क्लस्टर में बीकानेर, श्रीगंगानगर और चुरू लोकसभा सीट को रखा गया है।

बीकानेर क्लस्टर के इंचार्ज और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कोई भी ऐसी सीट नहीं होगी, जहां बीजेपी के नेता नहीं पहुंचेंगे। सभी सीटों पर केंद्रीय नेता, बीजेपी की दूसरी पंक्ति के नेता और प्रदेश नेताओं के दौरे होंगे।

---

**दो दिन में सैकंड़ों पदों पर जारी किए विज्ञापन**

# बेरोजगारों का इंतजार पूरा, RPSC ने 300 पदों पर निकाली भर्तियां

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश की भजनलाल सरकार ने युवा वोटरों को रिझाने के लिए धड़ाधड़ भर्तियों की सौगात दे रही है। बीते दो दिनों में सैंकड़ों पदों पर भर्तियां निकालकर युवाओं को खुश किया है।

साथ ही कोचिंग सैंटरों को भी कमाई का अवसर दिया है। ऐसे में युवाओं के लिए भविष्य बनाने के लिए अच्छा अवसर सामने आया है। वहीं यह नई जानकारी भी सामने आया है कि आचार संहिता लगने से पहले सरकार लगातार भर्तियों के विज्ञापन जारी करवाएगी। जिससे चुनावी सीजन में युवाओं में पकड़ मजबूत कर सके। बुधवार को राज्य लोक सेवा आयोग ने 300 पुस्तकालय अध्यक्ष सेकंड ग्रेड पदों को भरने के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया है। पद के लिए शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट दी गई है।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 फरवरी से 20 मार्च की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि आयोग ने लंबें समय बाद इस पद पर भर्ती के लिए विज्ञापन को जारी किया है। युवाओं को काफी दिनों से भर्ती का इंतजार था।



### सीईटी के माध्यम से होगी कनिष्ठ सहायक भर्ती

एक दिन पहले आरएसएसबी ने कनिष्ठ सहायक व लिपिक ग्रेड भर्ती के 4197 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसमें टीएसपी के 764 और नॉन टीएसपी के लिए 3433 पदों की संख्या शामिल है। इसमें सीईटी सीनियर सैकंडरी पात्रता परीक्षा दिए जाने वाले अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने वालों को मौका दिया गया है। आवेदक 20 फरवरी से 20 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग में छात्रावास अधीक्षक पद के लिए भी 335 पदों के लिए भर्ती निकाली है। अल्पसंख्यक विभाग में भी 112 पदों पर छात्रावास अधीक्षक पद के लिए आवेदन मांगें है। दोनों भर्ती में साईटी स्नातक पात्रता परीक्षा पास अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने का मौका मिलेगा। साथ ही 209 पदों पर महिला पर्यवेक्षक और 202 पदों पर महिला पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया है।

### परीक्षा के लिए की तारीख घोषित

आरएसएसबी ने पर्यवेक्षक (महिला) (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) सीधी भर्ती परीक्षा 22 जून को, पर्यवेक्षक (महिला अधिकारिता) सीधी भर्ती परीक्षा 13 जुलाई को, पर्यवेक्षक (महिला अधिकारिता) सीधी भर्ती परीक्षा 20 जुलाई को, छात्रावास अधीक्षक ग्रेड (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग) सीधी भर्ती परीक्षा 28 जुलाई को, छात्रावास अधीक्षक (अल्पसंख्यक मामलात विभाग) सीधी भर्ती परीक्षा 1 व 2 अगस्त को, लिपिक ग्रेडा/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा 11 अगस्त को, पशु परिचर सीधी भर्ती परीक्षा 21, 22, 23, 24 सितम्बर को आयोजित होगी।।

---

### अवैध कनेक्शनों के खिलाफ करें प्रभावी कार्रवाई

**जयपुर।** शासन सचिव, पीएचईड़ी डॉ. समित शर्मा ने प्रदेश भर में अवैध कनेक्शन एवं बूस्टर को चिन्हित कर अवैध जल कनेक्शन करने वालों के विरूद्ध पैनल्टी लगाने के साथ ही एफआईआर दर्ज कराने जैसे सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। शासन सचिव, पीएचईडी गुरूवार को जल भवन में प्रदेश भर के अभियंताओं के साथ वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक ले रहे थे। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राइजिंग मैन लाइन एवं वितरण लाइन से 28 फरवरी तक सभी अवैध कनेक्शन चिन्हित कर हटाने की कार्यवाही की जाए।

## जरूरी खबर

### जयपुर में सुबह बादल छाए, दिन में बढ़ी गर्मी




**जयपुर।** राजधानी में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। बुधवार को सुबह जहां हल्के बादल छाए रहे वहीं, दिन में धूप निकलने से गर्मी महसूस हुई। इसके चलते शहर में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री बढ़कर 15 पर पहुंच गया। जोधपुर, कोटा में भी आज न्यूनतम तापमान बढ़कर 15 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर लगभग खत्म हो गया। अलवर, दौसा, भरतपुर के इलाके को छोड़कर शेष सभी जिलों में आसमान साफ होने लगा है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले कुछ दिन राज्य में मौसम शुष्क रहेगा। दिन-रात के तापमान बढ़ने लगेंगे। दौसा, अलवर, भरतपुर में सुबह हल्के बादल रहे। उधर अजमेर में भी न्यूनतम तापमान 14.8 और बाड़मेर-उदयपुर में 11.4 डिग्री दर्ज हुआ।

### अदालत ने पूछा- पुलिसकर्मियों पर क्या जांच की गई!

**जयपुर।** दूदू न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मौजमाबाद थाना पुलिस से पूछा है कि आपराधिक मामले में मुरलीपुरा थानाधिकारी राजीव यदुवंशी, डॉ. भरतराज शर्मा और दो अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ दिए आदेश की पालना में क्या जांच की गई? अदालत ने यह आदेश परिवादी उमराव सिंह के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए है। गौरतलब है कि परिवादी उमराव सिंह ने कहा था कि कुछ लोग उसे व उसकी पत्नी को हथियार दिखाकर घर से कार में बैठाकर मुरलीपुरा थाने के पास ले गए थे। यहां पुलिसकर्मियों ने कहा कि वह भरतराज का हिसाब करें, वरना जेल में बंद कर देंगे। दस हजार रुपए देने पर पत्नी को छोड़ दिया और परिवादी को पिछले दरवाजे से थाने के अंदर ले गए। यहां खाली कागजों पर साइन करवाकर उसे गिरफ्तार कर लिया और यातनाएं दी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## सीएस सुधांश पंत ने किया औचक निरीक्षण, एक-एक अधिकारी का चैंबर किया चेक

# सूचना लीक... दूसरे कामों में लगे अफसर भी दफ्तर पहुंचे

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत बुधवार सुबह औचक निरीक्षण करने परिवहन भवन पहुंचे, लेकिन इसकी पहले से सूचना लीक हो गई। इसके चलते जो कर्मचारी दूसरे कामों में लगे थे, वो भी दफ्तर पहुंच गए। सूचना लीक होने की बात खुद पंत ने कही। उन्होंने कहा कि ना जाने कहां से मेरे आने की सूचना लग गई, जबकि मैं किसी को बताकर नहीं निकलता। पंत ने एक-एक अधिकारी का चैंबर देखा। इस दौरान कुछ अधिकारी गायब मिले, जो कुछ देर बाद ही ऑफिस पहुंच गए।



### उच्च अधिकारियों के पास दूसरे बड़े काम भी होते हैं

अधिकारियों के मौके पर मौजूद नहीं होने के सवाल पर सीएस बोले- उच्च अधिकारियों के पास दूसरे बड़े काम भी होते हैं। कोई दूसरे फंक्शन में गए हुए थे। उन्हें जैसे ही पता लगा, सब लोग पहुंचे हैं, क्योंकि मेरे आने की कोई पूर्व सूचना नहीं थी। पता नहीं कैसे इन लोगों के साथ-साथ आप को भी पता लग गया। जैसे ही उन्हें पता लगा, वो अपने-अपने फंक्शन से आए। फिर भी कई अधिकारी समय पर ऑफिस में मौजूद थे। यहां पर डयूटी पर तैनात एक डिप्टी कमिश्नर दो चार मिनट लेट थे। वो आ गए थे।

### अपने साथ कई फाइलें ले गए पंत

सुधांश पंत बुधवार सुबह करीब 10 बजे परिवहन भवन के ऑफिस पहुंचे। यहां वे करीब सवा घंटे रुके। इस दौरान उन्होंने एक-एक कमरे का निरीक्षण किया। कई अधिकारी इस दौरान मौजूद नहीं थे। सीएस के दौरे की सूचना पाकर अधिकारी जल्दी-जल्दी ऑफिस पहुंचे। सीएस ने एक-एक अधिकारी के चैंबर में जाकर देखा। कुछ चैंबर्स में फाइलों का ढेर दिखा तो कुछ फाइलें उन्होंने पढ़कर भी देखीं। पंत दौरा खत्म करके कई फाइलों को अपने साथ लेकर गए। इसको लेकर कई कयास लगाए जा रहे हैं। सीएस परिवहन विभाग के स्टाफ से भी मिले, इस दौरान उन्होंने अकाउंट विभाग में भी कई फाइलों पर नजर डाली।

### सुशासन लाने के लिए कर रहे हैं प्रयास

निरीक्षण के बाद मीडिया से बात करते हुए सीएस पंत बोले- सुशासन लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। बहुत बड़ा तंत्र है। थोड़ा समय लगता है। हम सभी मिलकर प्रयास कर रहे हैं। मुझे आशा है कि बहुत जल्द सुधार आएगा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों का स्पष्ट विजन है। सरकारी काम तेज गति से, पारदर्शिता और संवेदनशीलता से निपटना चाहिए। उन्होंने कहा- बहुत बड़ा सरकारी तंत्र है। उनमें कई विभाग और कार्यालय होते हैं। इन सभी जगहों पर एक गुड गवर्नेंस स्थापित हो पाए। इसी दिशा में काम करने को लेकर सभी अधिकारी लगे हैं।

## राजस्थान एफएसएल की जांच में हुआ बड़ा खुलासा

# नोएडा रेव पार्टियों में कोबरा करैत का जहर किया जाता था सप्लाई

- जहर जिन हाई प्रोफाइल पार्टियों में सप्लाई होता था, उनमें एल्विश यादव भी रहता था
- नोएडा पुलिस ने नवंबर माह में किया था एल्विश समेत कई जनों के खिलाफ केस

**बेधड़क** | जयपुर

नोएडा में हाई प्रोफाइल पार्टियों में जहरीले सांपों का जहर सप्लाई करने की पुष्टि हो गई है। यह जहर यू-ट्यूबर एल्विश यादव की रेव पार्टियों में सप्लाई किया जा रहा था। एफएसएल की जांच में सामने आया कि कोबरा करेथ प्रजाति के सांप का खतरनाक जहर सैंपल की जांच में सामने आया है।

सैंपल की जांच के बाद जयपुर एफएसएल ने नोएडा के गौतम बुद्ध नगर सेक्टर-46 के थाना पुलिस को रिपोर्ट सौंप दी है। जब आगे की कार्रवाई नोएडा पुलिस द्वारा की जाएगी। दरअसल यू-ट्यूबर एल्विश यादव समेत अन्य की चल रही रेव पार्टी में पुलिस ने दबिश दी। वहां नशे की वस्तुएं मिलीं और सांप के जहर से नशा करने की बात सामने आई।

इस संबंध में गौतम बुद्ध नगर जिले के नोएडा सेक्टर-49 थाने में एल्विश यादव समेत छह जनों के खिलाफ मुकदमा नम्बर 461/23 दर्ज किया गया। पार्टी में उपयोग में ली जा रही ड्रिंक में सांप का जहर है या नहीं, इसके लिए एक सैम्पल 9 नवम्बर 2023 को थाना पुलिस ने राजस्थान एफएसएल के मुख्यालय जयपुर भेजा। 2 नवंबर को पुलिस ने कुछ सपेरों को पकड़ा था। उसने जहरीले सांप व जहर बरामद किया था। उनसे पूछताछ की तो सामने आया कि वे जहर को नोएडा में चलने वाले रेव पार्टियों में सप्लाई करते थे और उन पार्टियों में एल्विश यादव भी रहता था।



### जांच रिपोर्ट दे दी

"सैंपल की जांच रिपोर्ट नोएडा पुलिस को सौंप दी है। सैंपल की जांच में सांप का जहर होने की पुष्टि हुई है।

**-अजय शर्मा,** डायरेक्टर, एफएसएल।




### कोबरा से ज्यादा खतरनाक है करैत सांप

एक्सपर्ट ने बताया कि सांप करैत जीनस बुंगारस का हिस्सा है, जबकि कोबरा जीनस नाजा से संबंधित है। करैत और कोबरा एक ही परिवार (एलापिडे) के हैं, लेकिन वे कई मायनों में अलग हैं। कोबरा का फन होता, जबकि करेत का फन नहीं होता। कोबरा करैत से साइज में बड़ा होता है। कोबरा (स्पेक्टेक्ल 1/ कोबरा/नाजा-नाजा) भूरे/काले रंग का होता है और उसके फन पर पीछे की तरफ एक चश्मानुमा निशान होता है, जबकि कॉमन करैत केवल काले रंग का होता है और उस पर सफेद धारियां होती हैं। करैत का जहर कोबरा की तुलना में 16 गुना अधिक खतरनाक होता है। करैत के विषदंत काफी पतले और छोटे होते हैं जिसे काटने का भी पता नहीं चलता है और नींद में ही मौत हो जाती है। कोबरा के काटने पर तुरंत इलाज मिल जाए तो जान बच सकती है

## डीएलबी डायरेक्टर ने जारी की सूची

# डेपुटेड 11 इंजीनियरों को मूल विभाग भेजा

**बेधड़क** | जयपुर




डीएलबी ने डेपुटेशन पर आए 11 इंजीनियरों को रिलीव करते हुए उनके मूल विभाग में भेजा है। इनमें 7 इंजीनियर जयपुर नगर निगम, जबकि 3 इंजीनियर कोटा, जोधपुर, नागौर और एक इंजीनियर जयपुर स्थित रुडसिको ऑफिस में तैनात थे।

डीएलबी डायरेक्टर सुरेश ओला की ओर से जारी सूची के मुताबिक जयपुर नगर निगम ग्रेटर के अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार जैन, राजेंद्र अग्रवाल, मदन मोहन शर्मा, जूनियर इंजीनियर देवेश शर्मा, हेमंत कुमार निमेश और भागचंद कोली को उनके मूल विभाग जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और जल संसाधन विभाग भेजा गया है। नगर निगम हेरिटेज की सानिया अंजुम, नगर निगम जोधपुर के अधीक्षण अभियंता प्यार सिंह तंवर, रुडसिको जयपुर में तैनात जसविंदर गोयल, नगर निगम कोटा में तैनात अंकित सारस्वत और नगर परिषद नागौर के अधिशासी अभियंता हनुमान कापड़ी को कार्य मुक्त करके उनके मूल विभाग भेजा है।

## हेरिटेज महापौर ने दिलाई शपथ



**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज एवं ग्रेटर वाहन चालक तकनीकी कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का बुधवार को आरपीए रोड, शास्त्री नगर स्थित सिविल लाइन मोटर गैरेज में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। संरक्षक कजोड़मल यादव ने बताया कि इस अवसर पर अध्यक्ष शंकर लाल गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रह्लाद सहाय यादव, उपाध्यक्ष नारायण सिंह एवं महामंत्री किरोड़ीमल शर्मा को हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर एवं ग्रेटर उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने शपथ दिलाई।

## अवैध ई-रिक्शाओं पर सख्ती



**जयपुर।** बेतरतीब चलने वाले ई-रिक्शाओं के कारण परकोटे में होने वाली जाम की स्थिति से निपटने के लिए यातायात पुलिस की ओर से की जा रही सख्ती बुधवार को भी जारी रही। पुलिस ने बड़ी चौपड़ पर बिना वैध दस्तावेज के चलने वाले ई-रिक्शा को सीज करने की कार्रवाई की गई। ड्राइविंग में लापरवाही बरतने वाले चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई। **-फोटो-पंकज शर्मा**

## राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में बोले डिप्टी CM बैरवा

# सड़क सुरक्षा में युवा भागीदारी अहम

**बेधड़क** | जयपुर

उप मुख्यमंत्री व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि युवा राष्ट्र की निधि है, सड़क सुरक्षा में इनकी भागीदारी अहम है।

डॉ. बैरवा बुधवार को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में 'सभी की भागीदारी हों मानवता को बचाने की हम सबकी जिम्मेदारी हो' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संभोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना होने पर तुरंत पीड़ित की सहायता करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा पाठ्यक्रम को शामिल करें और गांव- ढाणियों तक लोगों को व्यापक जागरूक करें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना और जागरूकता के लिए विद्यालयों में साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं। समारोह में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने बताया कि विश्व में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 13 प्रतिशत भारत में होती है यह चिन्ता का विषय है।



कार्यक्रम में परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा ने सड़क सुरक्षा माह के दौरान किए गए प्रयासों की जानकारी दी। परिवहन विभाग के कार्मिकों द्वारा लघु नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों की पालना संदेश दिया। इस अवसर पर परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा सहित परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के अधिकारी एवं सामाजिक कार्यक्रता उपस्थित रहे।

## अस्पताल बिल्डिंग के गलियारों और वार्डों में चिपकाए जाएंगे कोड

# SMS में गंदगी की शिकायत QR कोड से कर सकेंगे मरीज और परिजन

**बेधड़क** | जयपुर

अगर आप एसएमएस अस्पताल के किसी वार्ड में भर्ती हैं और वहां पर सफाई नहीं हो रही है तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप एक क्यू आर कोड स्कैन करके वहीं से ही इसकी शिकायत कर सकेंगे। इसके लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से अस्पताल बिल्डिंग और वार्डों में क्यू आर कोड चिपकाए गए हैं।

अस्पताल में सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए किए गए इस नए प्रयोग के तहत इन कोड को मोबाइल से स्कैन करके कोई भी व्यक्ति, मरीज या उसके परिजन वार्ड की ही नहीं बिल्डिंग के किसी भी कोने की सफाई से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री बनने के बाद भजनलाल शर्मा ने सबसे पहले जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल का दौरा कर वहां की सफाई व्यवस्था और स्टाफ की मौजूदगी समेत अन्य व्यवस्थाएं देखी थी।

उस समय खराब सफाई व्यवस्था को देखकर नाराज हुए थे। उसके बाद उन्होंने मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट के अधिकारियों को एसएमएस समेत प्रदेश के हर हॉस्पिटलों में बेसिक सुविधाएं ठीक करने के निर्देश दिए थे।



### 24 घंटे में कर दिया जाएगा निस्तारण

अब एसएमएस हॉस्पिटल में सफाई व्यवस्था पर मॉनिटरिंग के लिए ये क्यूआर कोड की सुविधा शुरू की है। इसमें मरीज या उनके परिजनों को वार्ड या वार्ड के टॉयलेट, हॉस्पिटल के गलियारों या हॉस्पिटल परिसर में कहीं भी गंदगी दिखती है। वह मोबाइल से उसका फोटो खींचकर या लिखित में इसकी शिकायत क्यूआर कोड को स्कैन करके भेज सकता है। इस शिकायत का 24 घंटे के अंदर निस्तारण किया जाएगा।

### जनवरी महीने में बड़े स्तर पर चलाया गया था अभियान

मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की एसीएस शुभ्रा सिंह ने सभी जिलों के सीएमएचओ, डिप्टी सीएमएचओ और विभाग के अधिकारियों के अलावा जिलों के कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम को हॉस्पिटलों का औचक निरीक्षण करके वहां की व्यवस्था देखने के निर्देश दिए थे। एसीएस के आदेश के बाद जनवरी में बड़े स्तर पर जांच अभियान चलाया था, जिसमें 2 हजार से ज्यादा हॉस्पिटलों की जांच के लिए टीमें गई थीं। इन टीमों की रिपोर्ट के आधार पर पिछले दिनों विभाग ने हॉस्पिटलों की सफाई रैंकिंग भी जारी की थी।

### सेंट्रल डेस्क पर जाएगी शिकायत

एसएमएस के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. सुनीत राणावत ने बताया कि ये शिकायत हॉस्पिटल में बने सेंट्रल हेल्थ डेस्क पर जाएगी। इसके बाद संबंधित एरिया बिल्डिंग या सेक्शन के इंचार्ज को शिकायत के संबंध में सूचित किया जाएगा और उसका निस्तारण करवाया जाएगा।

### आज से फिर चलेगा अभियान

हेल्थ डिपार्टमेंट ने 15 फरवरी से 29 फरवरी तक फिर से बड़े स्तर पर प्रदेशभर में हॉस्पिटलों का औचक निरीक्षण करवाया जाएगा। इसमें सफाई से लेकर दवाइयों की उपलब्धता, कर्मचारियों की उपस्थिति, पीने के पानी की व्यवस्था, वार्डों की स्थिति समेत अन्य व्यवस्थाएं देखी जाएगी और उसकी रिपोर्ट तैयार करके मुख्यालय भिजवाई जाएगी।

## जरूरी खबर

### पोकरण में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन



**जैसलमेर।** पोकरण शहर में परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का बुधवार को समापन हुआ। 15 जनवरी से शुरू हुए इस एक महीने के अभियान में परिवहन विभाग द्वारा क्षेत्र में यातायात नियमों की पालना के लिए वाहन चालकों को जागरूक किया गया। अभियान के अंतिम दिन पोकरण परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में परिवहन विभाग द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को रोककर उनको फूल देकर यातायात नियमों की पालना करने के लिए समझाइश की गई। इस दौरान शक्ति स्थल के सामने वाहनों की जांच की गई।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर किया जागरूक

**अजमेर।** अजमेर में राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए जिला सेशन कोर्ट से मोबाइल वेन रवाना की गई है। जिसे जिला व सेशन न्यायाधीश संगीता शर्मा और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रामपाल जाट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य न्याय मजिस्ट्रेट शालिनी शर्मा सहित समस्त न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। रामपाल जाट ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत का संदेश और विधिक सेवा की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए मोबाइल वेनरवाना की गई है।

### उदयपुर रेंज में 7 पुलिस इंस्पेक्टर के हुए तबादले



**चित्तौड़गढ़।** पुलिस महानिरीक्षक, उदयपुर रेंज अजयपाल लांबा ने 7 पुलिस इंस्पेक्टर और 25 सब इंस्पेक्टरों के रेंज ट्रांसफर किए। इसमें सदर चित्तौड़गढ़ थानाधिकारी भवानी सिंह और रावतभाटा थानाधिकारी सुनीता गुर्जर को उदयपुर में लगाया गया। आईजी, उदयपुर रेंज अजयपाल लांबा ने लोकसभा चुनाव से पहले 7 पुलिस इंस्पेक्टर और 25 सब इंस्पेक्टरों के ट्रांसफर किए। सभी के उदयपुर रेंज में ही ट्रांसफर किए गए। इंस्पेक्टरों में सदर चित्तौड़गढ़ थानाधिकारी भवानी सिंह राजावत और रावतभाटा थानाधिकारी सुनीता गुर्जर दोनों के उदयपुर जिले में नियुक्ति दी गई है।

**श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाला विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित**

# देश ही नहीं, दुनिया में बदलाव का मजबूत हथियार है शिक्षा

**■ पश्चिम बंगाल और झारखंड के राज्यपाल को दी डिलीट की मानक उपाधि**



**बेधड़क | झुंझुनूं**

श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में पश्चिम बंगाल और झारखंड के राज्यपाल को डिलीट की मानक उपाधि दी गई।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में भारत के कद को बढ़ाया और सशक्त बनाने के लिए बदलाव किए हैं। उनसे आज के युवा और शिक्षक को प्रेरणा लेनी चाहिए। आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इसलिए शिक्षकों को हर युवा की आंतरिक क्षमता को पहचान कर इसका बेहतर इस्तेमाल करना सुनिश्चित करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में बदलाव का सबसे मजबूत हथियार शिक्षा है, हमें मिलकर इस दिशा में काम करना है।

झुंझुनूं स्थित श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबड़ेवाला विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस और झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल हुए।

### भारत हम सभी के अंदर

अपने संबोधन में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने कहा कि हम भारत नहीं, बल्कि भारत हम सभी के अंदर है। एक नागरिक के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कितना काम करते हैं, क्या एक शिक्षक एक छात्रा के नाते हम उतना कम नहीं कर सकते। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सभी शोधार्थियों शैक्षणिक डिग्री प्राप्त कर रहे युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पढ़ाव हर किसी के जीवन में महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पढ़ाई में शत-प्रतिशत अंक हासिल करना नहीं। बल्कि पढ़ लिखकर सोसाइटी में अपना योगदान देना है।

### देश व समाज के काम आए ज्ञान

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आपने जो ज्ञान हासिल किया है, वह देश व समाज के काम आए, ऐसे प्रयास करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम एक साक्षात्कार में रिजेक्ट कर दिए गए थे। लेकिन उनकी मेहनत लगन का नतीजा है, कि आज भारत इस मुकाम पर पहुंचा। झारखंड राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने युवाओं से आह्वान किया कि वह सफल लोग आंखें बंद करके अनुसरण न करें। दुनिया बदल रही है, दिन बदल रहा है, माहौल बदल रहा है। इसलिए अपना निर्णय सोच समझकर ही लें, उन्होंने अपने अनुभव पर कहा कि देश ही नहीं दुनिया में एक जैसे ही लोग हैं।

**मेड़ता सिटी रेल परियोजना को रेल मंत्रालय ने दी मंजूरी**

# अजमेर से पुष्कर के बीच बनेगा रेलवे ट्रैक, मेड़ता तक सीधा सफर

**■ 1681 करोड़ की लागत से मेड़ता-रास और मेड़ता-पुष्कर रेल लाइन बिछेगी, 9 नए रेलवे स्टेशन बनेंगे**

**बेधड़क | मेड़ता (नागौर)**

नागौर के लोगों की ओर से पिछले कई वर्षों से की जा रही मांग पूरी होने जा रही है। रेल मंत्रालय की ओर से राजस्थान को दो बड़े तोहफे दिए गए हैं। इन दोनों तोहफों के केंद्र में है प्रदेश के नागौर जिले का मेड़ता शहर। दशकों से बहुप्रतीक्षित मेड़ता-पुष्कर और मेड़ता-रास रेल लाइन को रेल मंत्रालय के रेलवे बोर्ड की ओर से 13 फरवरी, मंगलवार को आधिकारिक स्वीकृति दी जा चुकी है। इस बारे में रेलवे बोर्ड की ओर से सैंक्शन लेटर भी जारी कर दिया गया है।

पिछले तीन दशक से मेड़ता शहर की ओर से मेड़ता से अजमेर के लिए सीधे रेल लाइन की मांग की जा रही थी। इस बीच अजमेर से पुष्कर तक रेल लाइन बिछ जाने के बाद पिछले लम्बे वक्त से मेड़ता से पुष्कर तक 51.34 किलोमीटर की दूरी तक रेलवे लाइन की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। राजसमंद की पूर्व सांसद और वर्तमान उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के जब राजसमंद की सांसद थीं तब उन्होंने मेड़ता-पुष्कर रेल लाइन की बात रेलवे बोर्ड तक रखी थी। इसके बाद तीन महीने पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से मौखिक रूप से दीया कुमारी को मेड़ता-पुष्कर और मेड़ता-रास रेल लाइन की स्वीकृति के बारे में जानकारी दी गई थी। अब रेल मंत्रालय के रेलवे बोर्ड की ओर से दो लेटर जारी कर अब आधिकारिक रूप से इन दोनों लाइनों की स्वीकृति जारी कर दी गई है।

मेड़ता-पुष्कर रेल लाइन परियोजना का काम की समयावधि 3 साल तथा मेड़ता-रास रेल लाइन परियोजना के काम की समयावधि 4 साल रहेगी।




### दीया कुमारी ने रेल लाइन की बात रखी

राजसमंद की पूर्व सांसद और वर्तमान उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के जब राजसमंद की सांसद थीं तब उन्होंने मेड़ता-पुष्कर रेल लाइन की बात रेलवे बोर्ड तक रखी थी। इसके बाद तीन महीने पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से मौखिक रूप से दीया कुमारी को मेड़ता-पुष्कर और मेड़ता-रास रेल लाइन की स्वीकृति के बारे में जानकारी दी गई थी। अब रेल मंत्रालय के रेलवे बोर्ड की ओर से दो लेटर जारी कर आधिकारिक रूप से इन दोनों लाइनों की स्वीकृति जारी कर दी गई है। मेड़ता-पुष्कर रेल लाइन परियोजना के काम की समयावधि 3 साल तथा मेड़ता-रास रेल लाइन परियोजना के काम की समयावधि 4 साल रहेगी।

### परियोजना की खासियत

- **लम्बाई और लागत:** मेड़ता-पुष्कर रेल लाइन 51.346 किमी लम्बी होगी। इस लाइन पर कुल 61.337 किमी लम्बा ट्रैक बनेगा और इसकी कुल लागत करीब 733.64 करोड़ आएगी।
- **इन गांवों में बनेंगे रेलवे स्टेशन:** मेड़ता से पुष्कर के बीच कुल 6 रेलवे स्टेशन होंगे। सबसे पहला स्टेशन मेड़ता सिटी (कालासनी), भैसड़ा कलां, रियां बड़ी, कोड, नांद और पुष्कर रेलवे स्टेशन शामिल हैं।
- **232.06 हैक्टेयर भूमि पर बिछेगी लाइन:** इस परियोजना में 232.06 हैक्टेयर भूमि पर रेलवे लाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए सरकार के पास 16.24 हैक्टेयर जमीन है, जबकि 215.82 हेक्टेयर निजी जमीन लाइन बिछाने के लिए अधिग्रहित करेंगे।
- **तीन साल में पूरी होगी परियोजना:** रेलवे की ओर से इस परियोजना के लिए 3 साल का समय दिया गया है। यानी यह परियोजना 3 साल में पूरी की जानी है।

**बिरला ने यात्रियों से लिया फीडबैक**

## कोटा-चौमहला के बीच मेमू ट्रेन शुरू



**बेधड़क | कोटा**

कोटा-चौमहला के बीच सफर करने वाले यात्रियों को बुधवार को बड़ी सौगात मिली। इन यात्रियों को विशेष तौर पर डेली अप-डाउनर्स की मांग को पूरा करते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कोटा के डकनिया तलाव स्टेशन से मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया।

हरी झंडी दिखाकर मेमू ट्रेन को रवाना किया। इस दौरान खुद बिरला ने भी मेमू ट्रेन में सफर किया और खुद ट्रेन में सवार होकर रामगंजमंडी तक गए। बुधवार सुबह छह बजे ओम बिरला ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाई और उसमें सवार हुए। इस दौरान वह आठ डिब्बे की मेमू ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों के पास पहुंचे और उनसे मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान यात्रियों ने मेमू ट्रेन शुरू होने पर खुशी जाहिर की। कोटा-चौमहला मेमू ट्रेन का कोटा से रवानगी का समय सुबह 5.45 बजे रखा गया है। मेमू ट्रेन कोटा से जो महिला तक सभी स्टेशनों पर रुकेगी। स्पीकर बिरला डकनिया तलाव स्टेशन से मेमू ट्रेन में सवार हुए। रामगंजमंडी तक के सफर के दौरान उन्होंने यात्रियों से संवाद किया और उनका फीड बैक लिया।

मेमू ट्रेन से रामगंजमंडी पहुंचकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संसदीय क्षेत्र में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे और दोपहर 1.30 बजे मोड़क स्थित सरोजिनी नायडू स्कूल में टिफिन विद दीदी कार्यक्रम में गए, जहां वे स्वयं सहायता समूह में काम करने वाली महिलाओं के साथ भोजन किए।

**अजमेर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कार्रवाई**

## सहायक प्रशासनिक अधिकारी को सात हजार रिश्वत लेते पकड़ा

**बेधड़क | अजमेर**

अजमेर में ACB ने सहायक प्रशासनिक अधिकारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर अजमेर इकाई द्वारा 14 फरवरी को कार्रवाई करते हुए सुनील कुमार जैन सहायक प्रशासनिक अधिकारी, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि, अजमेर को परिवादी से 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अजमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके जीपीएफ के बकाया भुगतान की एवज में आरोपी अधिकारी रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा है। जिस पर एसीबी अजमेर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरवीजन में एसीबी अजमेर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया।

जिसके बाद बुधवार को आरोपी सुनील कुमार जैन को परिवादी से 7 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है।



**रेलवे स्टेशन पर गूंजे भगवान श्रीराम के जयकारे**

## पहली वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा ट्रेन रवाना

**बेधड़क | उदयपुर**

भगवान श्रीराम के जयकारों के नारे के बीच ट्रेन रवाना हुई। रेलवे स्टेशन पर अपनों को छोड़ने आए परिवार के लोगों ने खुशी-खुशी विदाई दी। उदयपुर के राणा प्रताप नगर रेलवे स्टेशन से बुधवार को देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत भारत गौरव ट्रेन का पहला फेरा रवाना हुआ।

6 दिन के सफर में यह ट्रेन अयोध्या, हरिद्वार और ऋषिकेश तक चलेगी। यात्रियों को अयोध्या राम मंदिर को लेकर क्रेज ज्यादा था। यात्रियों का मानना है कि भगवान श्रीराम के तैयार हुए मंदिर को देखने और भगवान के दर्शन का मौका हमें मिल रहा है। आईआरसीटीसी के जरिए संचालित ट्रेन में 14 एलएचबी कोच हैं, जिनमें से 1 एसी व 10 स्लीपर कोच तो अन्य तीन कोच रेलवे के इस्तेमाल के लिए पेंट्री व पावर कोच रहेंगे। देवस्थान विभाग से प्रत्येक कोच में दो सरकारी कर्मचारी, एक ट्रेन प्रभारी, एक डॉक्टर व दो मेडिकल स्टाफ लगाए गए हैं।

बुधवार सुबह 10:15 बजे राणा प्रताप नगर स्टेशन पर उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, मेयर जीएस टांक, डिप्टी मेयर पारस सिंघवी, भाजपा देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, देहात जिला महामंत्री दीपक शर्मा, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रेमचंद लोहार आदि ने झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया।




**तीन राउंड में पूरी हुई काउंटिंग**

# सांवलिया सेठ के खजाने में 11.27 करोड़ रुपए निकले

### भक्तों ने चढ़ाई 35 किलो से ज्यादा चांदी

**बेधड़क | चित्तौड़गढ़**

मेवाड़ के कृष्णधाम श्री सांवलिया जी में मंगलवार देर शाम को काउंटिंग पूरी हो गई। सांवरा सेठ के भंडार, ऑनलाइन और मनीऑर्डर से कुल 11 करोड़ 27 लाख 07 हजार 1 रुपए मिले।

जबकि पिछले महीने 12 करोड़ 97 लाख 14 हजार 476 रुपए मिले थे। भंडार और भेंट कक्ष में से कुल 318 ग्राम 740 मिलीग्राम सोना और 35 किलो 979 ग्राम चांदी भी मिली।



### तीन राउंड में हुई काउंटिंग

कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर 8 फरवरी को मंडफिया स्थित सांवलिया जी का भंडार खोला गया था। चार राउंड में यह काउंटिंग पूरी की गई। मंगलवार को 4 राउंड में गणना पूरी हो गई है। मंगलवार को हुई काउंटिंग के बाद सांवरा सेठ के भंडार से कुल 11 करोड़ 27 लाख 07 हजार एक रुपए मिले। 8 फरवरी को पहले राउंड में 6 करोड़ 17 लाख 75 हजार, 12 फरवरी को दूसरे राउंड में 2 करोड़ 07 लाख 98 हजार रुपए, 13 फरवरी को तीसरे राउंड में 66 लाख 53 हजार 676 मिले। जबकि भेंट कक्ष से 2 करोड़ 34 लाख 80 हजार 325 रुपए भक्तों की ओर से मिले थे। काउंटिंग के दौरान मंदिर मण्डल अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर, सदस्य संजय कुमार मण्डोवरा, भेरूलाल सोनी, प्रशासनिक अधिकारी नन्द किशोर टेलर, सम्प्रदा अधिकारी कालूलाल तेली, हरलाल गूर्जर, बैंक कर्मचारी और मंदिर मण्डल कर्मचारी मौजूद थे।

### 35 किलो कुल चांदी मिली

मंगलवार को सोने चांदी का तौल भी किया गया। भंडार से 181 ग्राम सोना, 11 किलो 740 ग्राम चांदी मिली। वहीं, भेंट कक्ष से 137 ग्राम 740 मिलीग्राम सोना और 24 किलो 765 ग्राम 105 मिलीग्राम चांदी मिली। यानी कुल 318 ग्राम 740 मिली ग्राम सोना और 35 किलो 979 ग्राम 105 मिलीग्राम चांदी मिली।

### श्रद्धालुओं ने दिलखोल कर किया दान

चित्तौड़गढ़ के मेवाड़ के सुप्रसिद्ध कृष्णधाम सांवलियाजी में भगवान श्री सांवलिया सेठ का मंदिर राजस्थान के प्रमुख मंदिरों में से एक है। यहां श्रद्धालुओं की भीड़ हमेशा रहती है। कृष्ण धाम सांवलिया सेठ मंदिर दरबार की दानपेटी से करोड़ों रुपए निकले। हर महीने सांवलिया सेठ मंदिर में दानपेटी खुलती है। जिसके बाद सुरक्षा इंतजाम के साथ भंडारे से निकली रकम की गणना होती है। देशभर से श्रद्धालु यहां आते हैं अपनी मन्नत पूरी होने पर सोना-चांदी और कैश चढ़ावे के रूप में अर्पित कर जाते हैं।

**250 घरों में नहीं आ रहा पानी**

## पेयजल समस्याओं को लेकर लोगों का प्रदर्शन

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं जिले के चिड़ावा कबूतर खाना बस स्टैंड के पास गणेश मंदिर के सामने वाटर वर्क्स की टंकी के पास बुधवार सुबह पानी नहीं आने से गुस्साए लोगों ने पानी की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।वार्ड वासियों के सूचना पर जलदाय विभाग के जेईएन मौके पर पहुंचे और लोगों से समस्या के बारे में जानकारी ली।

वार्डवासियों ने बताया कि यहां टंकी से जाने वाली लाइन में सैकड़ों अवैध कनेक्शन चल रहे हैं। इसके अलावा एक ट्यूबवेल से टंकी पूरी भर्ती भी नहीं है। ऐसे में ढाई सौ घरों में पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। इस टंकी से वार्ड 11, 12 और 13 के घर जुड़े हुए हैं। लेकिन प्रेरणा स्कूल के पास करीब 10 से 15 घरों में एक बूंद भी पानी नहीं आ रहा है। जेईएन ने प्रेशर जांच की, लेकिन समस्या का समाधान न होने पर उन्होंने एक दिन एक तरफ और एक दिन दूसरी तरफ सप्लाई के आदेश दिए हैं।

इससे वार्डवासी गुस्सा हो गए। लोगों ने उल्टा जेईएन को ही खरी-खोटी सुनाने लग गए। लोगों ने क्षेत्र में आसपास के सभी कुओं को टंकी से जोड़ने और फिर टंकी से पर्याप्त पानी की व्यवस्था होने पर आगे तक सप्लाई देने का सुझाव भी दिया। ऐसे में जेईएन ने स्थाई प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से बात कर जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

**पहल: शिक्षा मंत्रालय जल्द लॉन्च करेगा ऑनलाइन लर्निंग पोर्टल**

# SWAYAM-PLUS पोर्टल पर मिलेगा फ्री इंडस्ट्री ओरिएंटेड कंटेंट

**बेधड़क** | नई दिल्ली

सरकार का ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म SWAYAM (स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स) जल्द ही स्टूडेंट्स को इंडस्ट्री ओरियंटेड कंटेंट भी उपलब्ध कराएगा। शिक्षा मंत्रालय की ओर से जल्द ही SWAYAM-PLUS लॉन्च करने की तैयारी की जा रही है, जिस पर उद्योग प्लेटफॉर्म्स की बनाई सामग्री भी उपलब्ध हो सकेगी। गौरतलब है कि

SWAYAM पोर्टल भारत सरकार का एक विशाल खुला ऑनलाइन पाठ्यक्रम (MOOC) मंच है, जो कक्षा 9 से लेकर स्नातकोत्तर तक के छात्रों को पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

यह मुफ्त पाठ्यक्रम प्रदान करता है, लेकिन छात्रों को प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए प्रोक्टेड परीक्षा देने के लिए शुल्क का भुगतान करना पड़ता है।

वर्तमान में, इस पर राष्ट्रीय संस्थानों, केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), एनपीटीईएल और अन्य संस्थानों की ओर से उपलब्ध कराई गई सामग्री है। केंद्रीय उच्च शिक्षा सचिव ने SWAYAM-PLUS को एक बड़ी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना परियोजनाओं में से एक बताते हुए कहा कि इसमें प्रतिष्ठित उद्योग मंच शामिल होंगे जिनके पास इसकी सामग्री है।

यह टीसीएस आयन हो सकता है, जिसने मंच पर उद्योग-प्रासंगिक पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए हमारे साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

यूजीसी ने इसके जरिए 40 फीसदी क्रेडिट लेने की इजाजत दी है. इसके माध्यम से लिए गए पाठ्यक्रमों को APAAR प्लेटफॉर्म्स में जमा किया जाएगा।



### 106 संगठनों व संस्थानों से समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

शिक्षा मंत्रालय के अनुसार SWAYAM-PLUS से जुड़ने के लिए विभिन्न संगठनों और संस्थानों के साथ 106 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे। जॉब प्लस, आतिथ्य और सेवा क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने वाला एक स्टार्ट-अप, SWAYAM- PLUS पर उद्योग भागीदारों में से एक होगा। जॉब प्लस के संस्थापक नटवर नागर ने बताया कि हमें शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्वयं प्लस प्लेटफॉर्म का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। हम जो कर रहे हैं वह सीधे छात्र को उसकी शिक्षा और सीखने से जोड़ रहा है और सीधे रोजगार प्राप्त कर रहा है। टाइम्स प्रो के सहयोग से हमने एक हाइब्रिड लर्निंग प्रोग्राम भी लॉन्च किया है। हम किसी भी विषय के छात्रों को कोर्स करने की अनुमति देते हैं और नौकरी का स्थान चुनने का विकल्प भी देते हैं। हमारे सभी पाठ्यक्रम उद्योग से संबंधित हैं।

### माइक्रो-क्रेडेंशियल्स का महत्व

यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने बताया कि आज हमारे पास माइक्रो-क्रेडेंशियल्स की अवधारणा है। ये अल्पकालिक ज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रियाएं हैं जहां पाठ्यक्रम क्रेडिट के संदर्भ में पेश किए जाते हैं। कोई भी व्यक्ति विभिन्न क्षेत्रों में सूक्ष्म-क्रेडेंशियल प्राप्त कर सकता है और अधिक सक्षम बन सकता है। ऐसे कई संगठन हैं जो इन सूक्ष्म-प्रमाणपत्रों की पेशकश कर रहे हैं और हम उच्च शिक्षा संस्थानों में यही लाना चाहते हैं।

## Yuva स्टोरीज

### श्रद्धा से मनाई बसंत पंचमी



**जयपुर।** मालवीय कॉन्वेंट स्कूल में बसंत पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पीले वस्त्र धारण किए एवं मां सरस्वती व भगवान ब्रह्मा जी की महिमा को मंच पर साकार किया। कार्यक्रम मे मां शारदे की भजन प्रस्तुतियां भी बच्चों ने दीं। स्कूल की प्रिंसिपल श्वेतिका कपूर ने इस अवसर पर बसंत पंचमी की महत्ता पर प्रकाश डाला और बच्चों के परफॉर्मेंस की तारीफ की।

### बच्चों ने की मां शारदे की पूजा-अर्चना



जयपुर। औरोबिंदो इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पीले वस्त्र धारण किए एवं मां सरस्वती की महिमा को मंच पर साकार किया। कार्यक्रम मे बच्चों ने भजन प्रस्तुतियों व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से मां शारदे की अर्चना की। टीचर्स के निर्देशन में बच्चों ने शारदे मां की विधिवत पूजा भी की। स्कूल की प्रिंसिपल करुणा नागपाल ने इस अवसर पर बसंत पंचमी की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### दिल्ली से लौटे एनसीसी कैडेट्स दल का सम्मान



**बेधड़क** | जयपुर

दिल्ली में आयोजित 75वें गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लेकर जयपुर लौटे राजस्थान निदेशालय के 175 एनसीसी कैडेट्स के दल का सम्मान समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर जयपुर कर्नल वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार राजस्थान के एनसीसी कैडेट्स ने दिल्ली में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में परचम लहराया है। सम्मान समारोह में एनसीसी कैडेट्स एवं उनके प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी डायरेक्टर जनरल एनसीसी निदेशालय राजस्थान एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा और विशिष्ट अतिथि निदेशक राजस्थान निदेशालय कर्नल नितिन सहरावत ने कैडेट्स को सम्मानित किया। इस अवसर पर राजस्थान निदेशालय, जयपुर ग्रुप, जयपुर ग्रुप के अंतर्गत आने वाली सभी बटालियन के कमान अधिकारी, सहयोगी अधिकारी, स्टाफ, कैडेट्स आदि उपस्थित थे। मीडिया को-ऑर्डिनेटर नंद किशोर शर्मा ने बताया कि कैडेट्स ने मेहनत एवं लगन से नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर मार्च पास्ट कर राष्ट्रपति को सलामी देने का गौरव प्राप्त किया। बिरला बालिका विद्यापीठ पिलानी की 51 कैडेट्स के बैंड ने सारे जहां से दौरा अच्छा हिंदुस्तान हमारा... जैसी धुनों से सभी को भाव विभोर कर दिया। राजस्थान के कई कैडेट्स ने विशेष पुरस्कार भी प्राप्त किए।

**आर्ट एग्जीबिशन 'अभिव्यक्ति-एक प्रयास' का आगाज**

# दमदार ब्रश स्ट्रोक्स का क्रेज बेहतरीन कलर टोन्स ने लुभाया






### आर्ट की कई विधाओं का डिस्प्ले

एग्जीबिशन में स्टूडेंट्स ने पेंटिंग्स, स्कल्पचर्स, एप्लाइड आर्ट्स, म्यूरल्स, प्रिंट मेकिंग और फोटोग्राफी जैसी सभी विधाओं के अपने बेहतरीन आर्ट वर्क डिसप्ले किए हैं जो बेहद चित्ताकर्षक हैं। इस 5 दिवसीय आर्ट एग्जीबिशन में आर्ट स्टूडेंट्स ने दमदार ब्रश स्ट्रोक्स, बेहतरीन कलर टोंस और उम्दा टेक्निक्स से कला आयामों में गहरे व संश्लिष्ट भावों में गुंथे विषयवस्तु को उबारने की शिद्दत से कोशिश की है, जो अंतर्मन को छूती है। स्टूडेंट्स की क्रिएटिविटी और कला के विविध आयामों से लबरेज खूबसूरत आर्ट फॉर्म्स की यह एग्जीबिशन 18 फरवरी तक प्रात : 11 से शाम 7 बजे तक कलाप्रेमियों के अवलोकनार्थ खुली रहेगी।

**बेधड़क** | जयपुर

आईआईएस यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ फाइन आर्ट्स की पांच दिवसीय 21वीं एनुअल आर्ट एग्जीबिशन 'अभिव्यक्ति- एक प्रयास' का आगाज बुधवार शाम जवाहर कला केन्द्र की चतुर्दिक, सुकृति व सुरेख आर्ट गैलेरी में हुआ। एग्जीबिशन में यूनिवर्सिटी के दृश्य कला विभाग से बीएफए और एमएफए के 177 स्टूडेंट्स के करीब 1500 आर्टवर्क डिस्प्ले किए गए हैं। कलाप्रेमियों ने बासंती रंग से सराबोर स्टूडेंट्स के आर्ट वर्क समेत उनकी क्रिएटिविटी को काफी सराहा। इनमें स्कल्पचर्स, प्रिंट्स, इंस्टॉलेशन्स, यूरल्स, कैरिकेचर, मूर्तिशिल्प, फोटोग्राफी आदि



खास आकर्षण का केन्द्र हैं। एग्जीबिशन का उद्घाटन शहर के सीनियर एमिनेंट आर्टिस्ट एनएल वर्मा ने किया। इस मौके पर आईआईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता व रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता मौजूद रहे। चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता ने कहा कि 'अभिव्यक्ति- एक प्रयास' डेढ़ दशक से भी अधिक समय से चली आ रही एक रचनात्मक परंपरा है। यह आयोजन युवा कलाकारों की कल्पनाओं को बाहर की दुनिया से जोड़ने की सुविधा ही प्रदान नहीं करता है, बल्कि कला की दुर्लभ दुनिया के साथ रचनात्मक अभिव्यक्ति के उनकी क्लास के अनुभव को जोड़ने का प्रयास भी करता है।

**पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में हुई शुरुआत**

## स्टूडेंट्स ने जाने हाईटेक क्लाउड किचन के कॉन्सेप्ट



**बेधड़क** | जयपुर

पूर्णिमा ग्रुप की स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों ने पीजीआई कैंपस में हाईटेक क्लाउड किचन के विभिन्न कॉन्सेप्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की। बुधवार को यहां इस किचन की आधिकारिक शुरुआत की गई। इसमें अधिकतर मशीनें पूरी तरह से ऑटोमैटिक हैं, जिससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि हाइजीन पर भी पूरा फोकस रहेगा। ग्रुप के डायरेक्टर राहुल सिंघी ने स्टूडेंट्स को बताया कि इस हाईटेक सेंट्रलाइज्ड किचन में सब्जियों की साफ-सफाई व कटाई से लेकर चपाती बनाने जैसे कई काम ऑटोमैटिक होंगे। खास तकनीक की वजह से यह किचन जरूरत होने पर फूड को लंबे समय तक स्टोर रखने में भी सक्षम है। इसके शेफ को पीआईएचएम के फैकल्टी मेंबर्स द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। बड़ा सेटअप होने से हजारों स्टूडेंट्स के लिए एक साथ बहुत कम समय में खाना बन सकेगा। इस अवसर पर ग्रुप के डायरेक्टर जनरल एमकेएम शाह, डायरेक्टर इन्फ्रा हरिसिंह शेखावत, एडवाइजर रेणु सिंघी भी उपस्थित रहे।

## वसंतोत्सव के साथ युवा प्रतिभा को मिला मंच

**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया महिला महाविद्यालय में बुधवार को वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने मां सरस्वती का माल्यार्पण कर पुस्तकालय में आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

युवा महोत्सव 'कस्तूरी-24' के अंतर्गत बुधवार को 'पॉलिटिक्स एडं रिलिजन आर एब्सोलेट द टाइम हैस कम फॉर साइंस स्पिरिचुअलिटी' विषय पर अंतर महाविद्यालय अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में 20 टीमों ने भाग लिया। इनमें कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय से मिशगन खान ने प्रथम और हर्षिता शर्मा ने द्वितीय एवं आईआईएस यूनिवर्सिटी से तान्या गोयल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

डिजाइन मेनिया में सुबोध पीजी कॉलेज से धैर्य गुप्ता और संदीप विश्नोई प्रथम, एड-मैड प्रतियोगिता में आईआईएस यूनिवर्सिटी, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, बैटल ऑफ बैंड्स में ट्वेंटीज बैंड अपेक्स यूनिवर्सिटी और हेयर-डू प्रतियोगिता में मुस्कान कुमारी कराड़िया प्रथम स्थान पर रहे।

फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में वंदना भारती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुरुवार को जस्ट ए मिनट (जैम), श्रुतरंग (ग्रुप सिंगिंग), रसरंग-फोक डांस, फैशन शो प्रतियोगिता व मेले का आयोजन किया जाएगा।

**उपलब्धि** | **खेलो इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स- 2023 के लिए रवाना हुए खिलाड़ी**

# RU की 10 टीमें नेशनल कॉम्पिटिशन में दिखाएंगी दम

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय विश्वविद्यालय संघ, युवा कार्यक्रम एवं खेल मत्रांलय की ओर से आयोजित होने वाले खेलो इण्डिया विश्वविद्यालय गेम्स में राजस्थान विश्वविद्यालय से 10 खेलों की टीमें भाग लेंगी। इस बार इन खेलो इंडिया के चौथे संस्करण का आयोजन 17 से 29 फरवरी तक भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, नागालैंड और त्रिपुरा में किया जाएगा। गौरतलब है कि हर वर्ष आयोजित होने वाले खेलो इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स में हर खेल की देश की टॉप 8 टीमें भाग लेती हैं। खेल बोर्ड सचिव डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय की 10 खेलों की टीमों ने पहली बार इतने बड़े स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई है।

प्रतियोगिता के लिए रवाना होने से पूर्व सभी खिलाड़ियों एवं सम्बन्धित दल प्रबन्धकों ने विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा के साथ कुलपति सचिवालय पर मुलाकात की।

कुलपति ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं मैनेजरों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि इतनी बड़ी संख्या में इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में राजस्थान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रतिभागी के रूप में जाना न केवल राजस्थान विश्वविद्यालय अपितु पूरे प्रदेश के लिए गौरवान्वित करने वाला विषय है। मुलाकात के दौरान



कुलपति सचिवालय में शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार, सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा डॉ. शैलेश मौर्य, सुरेन्द्र मीणा, प्रभुदयाल बेनीवाल, टीम प्रशिक्षक जनक सिंह शेखावत, डॉ. जगदीश सैनी, विनोद जाखड़ व प्रतिभागी खिलाड़ी आदि मौजूद रहे।

### इन खेलों की टीमें होंगी शामिल



खेलो इण्डिया विश्वविद्यालय गेम्स में जगह बनाने से पूर्व राजस्थान विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने पश्चिम क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किए एवं उसके बाद अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर खेलो इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स के लिए शीर्ष 8 टीमों में अपना स्थान सुरक्षित किया। प्रतियोगिता के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय के 68 सदस्यों का दल जा रहा है, जिसमें 59 खिलाड़ी एवं 9 दल प्रबन्धक शामिल हैं। इन खेलों में बास्केटबॉल, स्विमिंग, जूडो, टेबल-टेनिस, बॉक्सिंग, शूटिंग, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, रग्बी एवं कुश्ती खेल शामिल हैं।

# रजिया सज्जाद जहीर और उनका अदब



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

रजिया दिलशाद उर्फ रजिया सज्जाद जहीर अच्छी अफसाना निगार और आला दर्जे की तर्जुमा निगार थीं। उन्होंने अपनी जिंदगी के आखिरी वक्त तक लिखा और बहुत खूब लिखा। 'शमां' और 'बीसवीं सदी' जैसी अपने समय की मशहूर मैगजीनों में उनकी कहानी और लेख छपते थे। 'जर्द गुलाब' और 'अल्लाह दे, बंदा ले' रजिया सज्जाद जहीर के वे कहानी संग्रह हैं, जिनमें उनकी प्रमुख कहानियां संकलित हैं। वहीं 'ये शरीफ लोग', 'अल्लाह मेघ दे' 'सुमन', 'सरेशाम' और 'कांटे' उनके उपन्यास हैं। उपन्यास 'अल्लाह मेघ दे' लखनऊ में आए सैलाब पर केन्द्रित है, जिसमें उन्होंने बंटवारे का भी मार्मिक मंजर बयां किया है। बंटवारे की असीम वेदना और उसके गहरे जख्म, उनकी जज्बाती कहानी 'नमक' में भी दिखाई देते हैं। जिसमें बंटवारे में हिंदुस्तान और पाकिस्तान में बंट जाने के बाद भी अपनी सरजमीं से कहानी के अहम किरदारों का दिल नहीं छूटता। अपनी सरजमीं से उनकी अब भी मुहब्बत है। जहां वे पैदा हुए, पले-बढ़े वही उनका वतन है। रजिया सज्जाद जहीर, कहानीकार के तौर पर भले ही रशीद जहां या इस्मत चुगताई की तरह मकबूल नहीं हुईं, लेकिन उनकी कहानियां पाठकों को सोचने को विवश करती हैं। पाठकों को उनसे एक नजरिया मिलता है। उनकी कहानियों में सामाजिक चेतना और वर्ग चेतना इस तरह से गुंथी हुई है कि उसे अलग नहीं किया जा सकता। तरक्कीपसंद नक्काद डॉ. कमर रईस, रजिया सज्जाद जहीर को प्रेमचंद की रिवायत का अफसाना निगार मानते थे। वहीं लेखक, पत्रकार, फिल्मकार ख्वाजा अहमद अब्बास ने उनकी कहानियों पर टिप्पणी करते हुए कहा था, 'वह खुद तो औरत थीं, लेकिन उन्होंने मर्दाना समाज के चेहरे से नकाब उठाया और कई यादगार मर्द पात्र दिए।'

अब्बास की यह बात सही भी है। कहानी 'अल्लाह दे बंदा ले' का नायक 'फखरू' हो या फिर 'सुतून' कहानी का बूढ़ा नायक 'अमीर खान' ये किरदार अपनी बेमिसाल इंसानियत और बे-दाग ईमानदारी से लंबे समय तक पाठकों के जेहन में जिंदा रहेंगे। वे उन्हें भुलाए नहीं भूल पाएंगे। डॉ. शारिब रुदौलवी का मानना है कि 'रजिया सज्जाद जहीर, पहले अपनी कहानियों को खुद जीती हैं, तब कागज पर उतारती थीं।' 'बड़ा सौदागर कौन ?', 'वह शोले', 'बीजों की पपड़ी', 'बादशाह', 'तली ताल से चैना माल तक', 'रईस भाई', 'सच और सिर्फ सच, सच के सिवा कुछ नहीं', 'निगोड़ी चले आवे है', 'अब पहचानो', 'लावारिस', 'सूरजमल', 'राखी वाले पंडित जी', 'टीपू', 'अमर जोत', 'मोज्जा', 'रावण जला नहीं', 'दूसरा नाम', 'परछाइयां और जीवन' आदि उनकी कहानियां यदि गौर से पढ़ें, तो शारिब रुदौलवी की इस बात में दम भी नजर आता है। कहानी 'वह शोले' और 'बीजों की पपड़ी' का कथानक और इन कहानियों की नायिकाओं की सोच, जिस तरह से इन कहानियों में प्रतिबिंबित हुई है, वह ऐसे ही नहीं आ गई है, बल्कि इसके पीछे अफसाना निगार का तजुर्बा है, जो कहानी में ढल गया है। साधारण से दिखने वाली कहानी 'बीजों की पपड़ी' में एक बड़ा पैगाम छिपा हुआ है। पूरी दुनिया और इंसानियत को बचाने का पैगाम! रजिया सज्जाद जहीर ने बंटवारा और बंटवारे के बाद का भयानक मंजर देखा था, वे उस भयानक हालात से गुजरी थीं, जिसमें इंसान एक-दूसरे के खून का प्यासा हो गया था। जाहिर है कि यह सब बातें उनकी कहानियों में आनी ही थी। उन्होंने बड़ी ही संजीदगी से अपनी कहानियों में इन हालात का जिक्र किया है। 'इंतजार खत्म हुआ, इंतजार बाकी है' रजिया सज्जाद जहीर की निजी जिंदगी से जुड़ा एक शानदार संस्मरण है, जिसमें वे अपने पति सज्जाद जहीर को बड़ी शिद्दत से याद करती हैं।



*15 फरवरी अफ़साना निगार रजिया सज्जाद जहीर का जन्मदिवस।*

अपने पति सज्जाद जहीर की तरह रजिया सज्जाद जहीर की प्रगतिशील विचारधारा में गहरी आस्था थी। अदब में कला से ज्यादा वे कथ्य पर जोर देती थीं। उनका ये स्पष्ट मानना था कि यदि किसी कहानी में समाजी, सियासी चेतना नहीं है, तो वो कहानी कोई काम की नहीं है। अपने एक लेख 'कहानी और समकालीन चेतना' में वे कहती हैं, 'अगर चेतना में कोई तरक्कीपसंद नजरिया या रवैया नहीं बनता, तो जो साहित्य लिखा जाएगा, उसमें माहौल के बिखराव और पेचीदगी का ऐसा असर पड़ेगा कि वह रचना भी बिखराव व पेचीदगी का शिकार हो जाएगी और दीवाने का ख्वाब बन जाएगी।' (लेख 'कहानी और समकालीन चेतना', अनुवादक- अली अहमद फातमी, 'हंस' जून 2018 अंक) रजिया सज्जाद जहीर की कहानियों के केन्द्र में हमेशा आम आदमी रहा, उसके सुख-दुख, उम्मीदें-नाउम्मीदें रहीं। कहानियों में उन्होंने कभी तरक्कीपसंद नजरिए का दामन नहीं छोड़ा। 'बेशक साहित्य में इंसान ही हीरो है, लेकिन जब चेतना की मजबूत बुनियादों इंसान और प्रतीक को जरूरी मानते हुए तरक्कीपसंद नजरिए के साथ रचना लिखी जाती है, तब ही बड़ी कहानियां वजूद में आती हैं, जैसे-'पूस की रात', 'कफन', 'नया कानून', 'मुजैल', 'पेशावर एक्सप्रेस', 'कालू भंगी', 'ग्रहण', 'तीन पाथली चावल', 'आनंदी', 'गड़रिया', 'कारमन' आदि।'' (लेख 'कहानी और समकालीन चेतना', अनुवादक- अली अहमद फातमी, 'हंस' जून 2018 अंक) रजिया सज्जाद जहीर ये बात अच्छी तरह से जानती थीं कि हिन्दोस्तानी समाज में लोगों पर मजहब का ज्यादा असर है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

किसान आंदोलन

# उपद्रव छोड़ सरकार से वार्ता करें कृषक



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

*"वर्ष 2013-14 में तकरीबन एक लाख करोड़ रुपए के उपज की एमएसपी पर खरीद होती थी, लेकिन आज यह खरीद बढ़कर ढ़ाई लाख करोड़ रुपए हो गई है। मतलब साफ है कि मौजूदा सरकार किसानों की आय बढ़ाने को लेकर संवेदनशील है। ध्यान देना होगा कि वर्ष 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद कृषि क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन का युग प्रारंभ हुआ है।"*

एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर कानून की मांग कर रहे किसानों का अराजकता की हद पर उतर आना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। भारत एक संवैधानिक व लोकतांत्रिक देश है। यहां हर नागरिक, संगठन व समुदाय को अपनी बात सकारात्मक ढंग से रखने और जनतांत्रिक तरीके से विरोध व आंदोलन करने का अधिकार है। लेकिन इसका तात्पर्य यह नहीं कि आंदोलन की आड़ में देश की गरिमा और लोकतंत्र की मर्यादा को ही धूल धुसरित कर दिया जाए। याद रखना होगा कि पिछली बार किसान आंदोलन के दौरान देश को भारी कीमत चुकानी पड़ी। उद्योग चैंबर एसोचैम के मुताबिक किसान आंदोलन से देश को हर दिन 3500 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। यह नुकसान लॉजिस्टिक लागत बढ़ने, श्रमिकों की कमी तथा टूरिज्म जैसी कई सेवाओं के न खुल पाने की वजह से हुआ। अगर आंदोलन खत्म नहीं हुआ तो पुनः वैसे ही हालात बन सकते हैं जो कि देशहित में नहीं होगा। उचित होगा कि किसान संगठन के प्रतिनिधि सरकार के समक्ष अपनी जायज मांगों को रखें और बातचीत के जरिए समाधान निकालें। विचार करें तो किसान संगठन एमएसपी पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं जो कि पूर्णतया अव्यवहारिक है। संभव ही नहीं है कि सरकार देश के सभी किसानों की सभी फसलों को शत-प्रतिशत एमएसपी पर खरीद सके। इतनी खरीद के लिए तकरीबन 20 लाख करोड़ रुपए की जरुरत होगी, अगर सरकार इसे स्वीकारती है तो उसे अर्थसंकट में फंसना होगा। अर्थात अपने कुल बजट का आधा से अधिक खर्च करना होगा। फिर इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास के काम ठप्प पड़ जाएंगे। कल-कारखाने के पहिए थम जाएंगे। शिक्षा-स्वास्थ्य और सुरक्षा पर आवंटित राशि में कटौती करनी होगी। क्या यह देशहित में होगा? गौर करें तो मौजूदा समय में केंद्र सरकार 22 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करती है। हां, यह सच्चाई है कि धान और गेहूं को छोड़ दिया जाए तो इनमें से अधिकांश फसलों का एमएसपी के बजाए बाजार मूल्य पर ही खरीद होती है। इससे किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य नहीं मिल पाता। किसान चाहते हैं कि उनकी सभी फसलों की एमएसपी पर ही सरकारी खरीद हो। उचित होगा कि किसान संगठनों के प्रतिनिधि और सरकार बातचीत कर इस दिशा में आगे बढ़े। ऐसा नहीं है कि सरकार किसानों से मुंह फेर रखी है जैसा कि किसान संगठनों द्वारा प्रतीति कराया जा रहा है।



गौर करें तो वर्ष 2013-14 में तकरीबन एक लाख करोड़ रुपए के उपज की एमएसपी पर खरीद होती थी, लेकिन आज यह खरीद बढ़कर ढ़ाई लाख करोड़ रुपए हो गई है। मतलब साफ है कि मौजूदा सरकार किसानों की आय बढ़ाने को लेकर संवेदनशील है। ध्यान देना होगा कि वर्ष 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद कृषि क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन का युग प्रारंभ हुआ है। कृषि और किसान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल हुए हैं। सरकार ने सबसे पहले देश का भाग्य संरचनात्मक रुप से कृषि और किसानों से जोड़ा और उसके सकारात्मक परिणाम मिलने-दिखने शुरू हो गए। यह तथ्य है कि कृषि विकास औद्योगिक विकास की तुलना में दोगुनी तेजी से गरीबी को कम करता है और विकास को रफ्तार देता है। उदाहरण के लिए कृषि उत्पादन में एक प्रतिशत की वृद्धि औद्योगिक उत्पादन में 0.5 प्रतिशत और राष्ट्रीय आय में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि करती है। इसे ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागत के मुकाबले डेढ़ गुना कर किसानों के हित में ऐतिहासिक फैसला लिया। जो सबसे अच्छी बात रही वह यह कि सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना करते समय ए2+एफएल फॉर्मूला को अपनाया। सरकार ने कृषि उत्पादन के नकद व अन्य सभी खर्चों समेत किसान परिवार के श्रम के मूल्य को भी जोड़ दिया। साथ ही मजदूरी, बैलों अथवा मशीनों पर आने वाला खर्च, पट्टे पर ली गई जमीन का किराया, बीज, खाद, तथा सिंचाई खर्च भी इसमें जोड़ा। यानी किसान जो मांग कर रहे हैं उसे शत-प्रतिशत पूरा करने की कोशिश की है। वर्ष 2014 तक जो कृषि बजट 25,000 करोड़ से भी कम हुआ करता था, सरकार के प्रयास से बढ़कर 1.27 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। सरकार कृषि बाजार को मजबूती देने के लिए कृषि बजट में लगातार वृद्धि कर रही है। आज फसलों का रिकॉर्ड उत्पादन और निर्यात हो रहा है। भारत का कृषि निर्यात 50 बिलियन डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच चुका है। सरकार कृषि ऋण के लक्ष्य को पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन से जोड़ दिया है। इसका परिणाम है कि आज किसान कृषि के साथ-साथ समानान्तर आमदनी का नया जरिया विकसित कर रहा है। सरकार ने मोटे अनाज को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया है। गौर करें तो प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2016 में ही देश के किसानों की आय दोगुनी करने का नेक इरादा जाहिर किया था। उसे ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने किसानों के हित में कई दर्जन योजनाओं को मूर्त रुप दिया। आज की तारीख में केंद्र सरकार ने किसान क्रेडिट कार्य योजना की सुविधा उपलब्ध कराकर किसानों की तात्कालिक पैसे की समस्या का निवारण किया है। किसानों को सस्ती ब्याज दरों पर लोन की सुविधा उपलब्ध है। आज किसान क्रेडिट कार्ड की मदद से एक वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन कर अपनी आय को दोगुना कर रहा है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को आच्छादित कर किसानों की चिंताएं हरने की कोशिश की है। गौर करें तो इस योजना के तहत किसानों को अपनी फसल का बीमा करवाना होता है। रबी फसलों का बीमा करवाने के लिए 1.5 प्रतिशत, खरीफ फसलों का बीमा करवाने के लिए 2 प्रतिशत तथा बागवानी फसलों के लिए 5 प्रतिशत की दर से अंशदान देना होता है। देश के किसान इसका भरपूर लाभ उठा रहे हैं। पिछले वर्षों में किसानों ने फसल बीमा का जो प्रीमियम दिया है, उससे पांच गुना राशि उन्हें मुआवजे के तौर पर मिली है। विगत वर्षों में किसानों ने तकरीबन 30,000 करोड़ रुपए का प्रीमियम भरा है, जबकि उन्हें 1.35 लाख करोड़ रुपए का मुआवजा मिला है। यानी देखें तो इस योजना से किसानों का नुकसान कम हुआ है। केंद्र सरकार किसानों के कल्याण के प्रति कितना संवेदनशील है, इसी से समझा जा सकता है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को हर वर्ष 6,000 रुपए की आर्थिक मदद दी जा रही है। यह मदद 2,000 रुपए की तीन समान किस्तों में दी जाती है। किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिले इसके लिए सरकार कृषि क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ाने के लिए तत्पर है। इस तत्परता का नतीजा है कि कृषि क्षेत्र में निजी निवेश 9.3 प्रतिशत से अधिक है। विदेशी पूंजी प्रवाह से कृषि क्षेत्र की उत्पादकता में वृद्धि हुई है और देश एक प्रमुख कृषि उपजों के निर्यातक के रुप में स्थापित हुआ है। केंद्र सरकार बजट कृषि-प्रौद्योगिकी स्टार्ट पर फोकस कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। गौर करें तो वर्ष 2014 से पहले कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप की संख्या शून्य थी जो अब बढ़कर 3,000 से अधिक हो गई है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## कविता



कवि
सुनील कुमार महला

# आंदोलन

*धरती पुत्र
आंदोलन कर रहे हैं
बेरोजगार आंदोलन कर रहे हैं
हर तरफ संघर्ष है
जिसे तुम कहते हो जीवन
जीवन, जीवन नहीं है यहां
हर तरफ मुखौटाधारी मौजूद हैं
अपने वजूद के लिए
दूसरे के वजूद को
खत्म करने पर तुले हैं
अपने स्वर्णिम कल के लिए
हर तरफ लालच और स्वार्थ की नदियां बह रहीं हैं
पदार्थ में लोग
अपनी जड़ों को तलाशते हैं
यह पत्थर युग है
यहां कोई किसी की नहीं सुनता
यहां भेड़िए हर समय झपटने पर उतारू रहते हैं
वे जब जी चाहे तब
नोंचते हैं
वे अपने नुकीले,पैने दांतों को किटकिटाते हैं
यहां गरीबों की झोंपड़ियां झुलसती हैं
अमीर हंसते हैं
शहरी अट्टालिकाओं में
यहां जश्न पर जश्न मनते हैं
यहां झूठ ही सच है और सच सफेद झूठ
यहां जो जिंदा हैं, वे मुर्दा हैं
यहां भूस से भरे पुतले घूम रहे हैं
बेमतलब
यहां स्वांग ज्यादा है
यहां शांति, संयम खो गए से लगते हैं
दूर कहीं ब्रह्मांड में
यहां कैद है, गिरफ्त है
यहां जलन है, ईर्ष्या के भाव हैं
संस्कार विहीन आदमी
अनुपम प्रेम, क्षमा और भक्ति यहां नहीं दिखते
यहां इच्छाएं हैं, आकांक्षाएं हैं, आसक्ति है
यहां द्वंद्व हैं
उलझे उलझे से आदमी
भूस से भरे आदमी...!*

**नॉलेज कॉर्नर:** चीन समेत कुछ देशों में नए साल का जश्न

# चीन के नए साल का जानवरों से क्या कनेक्शन है!

पूरी दुनिया में नए साल का जश्न जहां 31 दिसंबर की आधी रात से 1 जनवरी तक मनाया जा चुका है, वहीं चीन समेत कुछ और देशों में यह जश्न अब शुरू हुआ है। वैसे तो अंग्रेजी नए साल का असर भी इन देशों में दिखता है पर असली उत्सव इनके अपने नए साल पर होता है। इसे लूनर न्यू ईयर के नाम से जानते हैं। 10 फरवरी से चीन में समारोहों की शुरुआत हो चुकी है। लोगों को नए साल पर छुट्टियां मिली हुई हैं और सभी एंजॉय कर रहे हैं, पर क्या आप जानते हैं कि लूनर न्यू ईयर वास्तव में है क्या और जानवरों से इसका क्या नाता है। आइए जान लेते हैं। लूनर न्यू ईयर, जैसा कि नाम से ही जाहिर है कि चांद की गणना पर आधारित नववर्ष है, जो मुख्यतः चीन का नववर्ष उत्सव है, पर इसे कई अन्य एशियाई देशों में भी धूमधाम से मनाया जाता है।

### जानवरों से है गहरा नाता

लूनर न्यू ईयर लूनिसोलर कैलेंडर के आधार पर मनाया जाता। इसमें भी 12 महीने ही होते हैं। इस कैलेंडर के महीने चांद के चक्रों पर आधारित होते हैं। इसमें चांद का एक चक्र पूरा होने पर एक महीना पूरा माना जाता है। चूंकि चांद का चक्र बदलता रहता है, इसलिए हर साल लूनर न्यू ईयर अलग-अलग अंग्रेजी तारीखों पर पड़ता है। आमतौर पर यह जनवरी के आखिरी हफ्ते से शुरू होकर फरवरी की शुरुआत तक चलता है। वास्तव में चीन के नव वर्ष का जानवरों से गहरा नाता है, क्योंकि



चीन का राशि चक्र ही 12 जानवरों से मिल कर बना है। यह न्यू ईयर चूहे से शुरू होता है। फिर बैल, बाघ, खरगोश, ड्रैगन, सांप, घोड़ा, बकरी, बंदर, मुर्गा, कुत्ता और सुअर तक का वर्ष मनाया जाता है। इसमें ड्रैगन को सबसे शुभ माना जाता है और 10 फरवरी से शुरू हुआ नया साल ड्रैगन वर्ष के रूप में ही मनाया जा रहा है। इसलिए इस साल उत्साह कहीं ज्यादा है।

### नौ फरवरी को खत्म हुआ खरगोश वर्ष

इससे पहले का साल चीन में खरगोश वर्ष के रूप में मनाया गया, जो नौ फरवरी 2024 को समाप्त हुआ। इसके बाद शुरू हुआ वर्ष ड्रैगन वर्ष है। खासकर इसे वुड ड्रैगन सा साल कहा जा रहा है जो सबसे शुभ माना जाता है। यह साल 28 जनवरी 2025 तक चलेगा। इसके बाद नए दूसरे जानवर का साल शुरू होगा। इससे पहले बीते खरगोश वर्ष के बारे में चीनियों का मानना है कि जो बच्चा इस साल जन्म लेता है, वह काफी शांत और विचारवान होता है। यही नहीं, चीनी राशि चक्र में हर जानवर का अपना भाग्यशाली रंग, संख्या और दिशाएं होती हैं।

### 15 दिनों तक आयोजन एक हफ्ते की छुट्टी

*चीन में नए साल का जश्न 15 दिनों तक चलता है, जिसे वसंत उत्सव भी माना जाता है। इस दौरान चीन में सरकारी दफ्तर ही नहीं, व्यापार भी बंद रहते हैं और शहरों में सामान्य दिनों के मुकाबले काफी शांति रहती है। चीन में लोग नए साल पर एक-दूसरे को लाल कार्ड देते हैं।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

ऐतिहासिक निर्णय...
ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश को 'पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' की सौगात दी है।
₹75,000 करोड़ के निवेश से प्रारम्भ होने वाली इस युगांतरकारी योजना के द्वारा प्रतिमाह 300 यूनिट तक की मुफ्त बिजली से 01 करोड़ घर रोशन होंगे।
सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन देते हुए भारतीय जनमानस को बिजली बिल में राहत प्रदान करती इस जन-कल्याणकारी योजना के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सहित भारत सरकार का कोटि कोटि आभार।

### तमिलनाडु: 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पारित, अव्यावहारिक करार

# 1971 की जनसंख्या के आधार पर पूरा हो परिसीमन : CM स्टालिन

■ 2026 के बाद प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाने का आग्रह

**एजेंसी** | चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को केंद्र की प्रस्तावित 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' नीति के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया है। प्रस्ताव में इसे अव्यावहारिक और लोकतंत्र के खिलाफ बताया गया है। इसके साथ ही विधानसभा ने परिसीमन को लेकर भी एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें कहा गया कि 1971 की जनसंख्या (जनगणना) इस प्रक्रिया को पूरा करने का मानदंड होनी चाहिए। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने एक और प्रस्ताव पेश किया, जिसमें केंद्र से जनगणना के आधार पर 2026 के बाद प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाने का आग्रह किया गया।

उन्होंने इसे एक साजिश करार दिया। प्रस्ताव में केंद्र सरकार से इसे लागू नहीं करने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि परिसीमन की कवायद ऐसे राज्यों के लिए सजा की तरह है जो अपनी जनसंख्या को कम करते हैं।

उन्होंने कहा कि इससे तमिलनाडु और दक्षिणी राज्यों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की संख्या में गिरावट आएगी। कांग्रेस, वीसीके, एमडीएमके और वाम दलों समेत अन्य दलों के विधायकों ने भी सरकार के दोनों प्रस्तावों का समर्थन किया।

परिसीमन की कवायद पर अन्नाद्रमुक के अरुणमोझि थेवन ने कहा कि अगर इसे 1971 की जनगणना के आधार पर किया जाता तो उनकी पार्टी इसका समर्थन करती। भाजपा विधायक वनाती श्रीनिवासन ने कहा, हम आपकी चिंता साझा करते हैं। उन्होंने एक राष्ट्र एक चुनाव प्रस्ताव को निरंकुश बताया।





### प्रस्ताव लोकतंत्र पर आघात, एकजुट होकर करें विरोध

सीएम स्टालिन ने कहा, दोनों प्रस्ताव लोकतंत्र पर आघात करते हैं और इनका एकजुट होकर विरोध किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, एक राष्ट्र एक चुनाव बिल्कुल अव्यावहारिक है और यह संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संवैधानिक गारंटी के पूरी तरह से खिलाफ है। उन्होंने पूछा, इस प्रस्ताव से राज्य विधानसभाएं समय से पहले ही भंग हो सकती हैं जो संविधान के खिलाफ है। अगर केंद्र में सरकार गिरती है, तो क्या सभी राज्य विधानसभाएं भंग कर दी जाएंगी? इसी तरह, अगर कुछ राज्यों में सरकारें अल्पकालिक होंगी, तो क्या केंद्र में सत्ता में रहने वाले लोग पद छोड़ देंगे? क्या इससे अधिक हास्यास्पद कोई नीति हो सकती है?

### ध्वनिमत से पारित हुए प्रस्ताव

दोनों प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित कर दिए गए। विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावू ने आम सहमति से प्रस्ताव पारित होने की घोषणा की। प्रस्ताव में कहा गया, भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में स्थानीय निकायों, राज्य विधानसभाओं और संसद के चुनाव अलग-अलग समय पर हो रहे हैं और ये चुनाव जन केंद्रित मुद्दों के आधार पर अहम होते हैं। यह विचार लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की सोच के खिलाफ है।

### भाजपा के कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प



**कोलकाता।** भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार पुलिस के साथ धक्का-मुक्की में घायल हो गए। दरअसल, वह संदेशखाली जाने की कोशिश रहे थे और इस दौरान पुलिस और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। झड़प के बाद सुकांत मजूमदार को बशीरहाट मल्टी-फैसिलिटी अस्पताल ले जाया गया। सुकांत मजूमदार ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि राज्य पुलिस ने उन्हें संदेशखाली जाने से रोकने के लिए उनके लॉज की घेराबंदी की थी। उन्हें प्रदर्शनकारियों से मिलने के लिए बुधवार को संदेशखाली जाना था। इससे पहले सुकांत मजूमदार ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा था।

### चुनावों के लिए तैनात हों 3.4 लाख CAPF कर्मी:EC

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव और चार राज्यों में विधानसभा चुनावों के दौरान चरणबद्ध तरीके से तैनाती के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के 3.4 लाख कर्मियों की मांग की है। इसी साल आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम में विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग ने ट्रेनों में भी सभी उचित सुविधाओं के साथ पर्याप्त डिब्बों की भी मांग की है, ताकि बलों को भीड़ में दिक्कतों का सामना न करना पड़े और चुनाव ड्यूटी करने के लिए उनकी समय पर आवाजाही हो सके। आयोग ने गृह मंत्रालय को भेजे पत्र में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने सीएपीएफ को चुनाव संबंधी कार्यों के लिए तैनात करने का अनुरोध किया है। आयोग ने राज्यों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के अनुरोधों पर भी विचार किया।

### राज्यसभा के टिकट, लोकसभा चुनावों पर नजर... हुई व्यूहरचना

# कांग्रेस छोड़कर आए चव्हाण और मिलिंद देवड़ा जाएंगे राज्यसभा में

■ भाजपा-कांग्रेस ने घोषित किए प्रत्याशी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

गत दिनों कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण अब भाजपा के टिकट पर राज्यसभा में जाएंगे। दूसरी ओर कांग्रेस के एक अन्य पूर्व नेता मिलिंद देवड़ा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के टिकट पर राज्यसभा में जाएंगे। कांग्रेस छोड़ने के बाद देवड़ा शिंदे नीत शिवसेना में शामिल हो गए थे। वहीं कांग्रेस ने भी बुधवार को घोषित पार्टी प्रत्याशियों के माध्यम से जातीय व क्षेत्रीय समीकरणों को साधने का प्रयास किया है।

ज्ञात रहे कि भाजपा राज्यसभा की खाली सीटों पर हो रहे चुनाव के लिए बुधवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची में सात और प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। इनमें से चार लोगों को गुजरात से और तीन लोगों को महाराष्ट्र से राज्यसभा में भेजने का निर्णय किया गया है। पार्टी ने सूची के माध्यम से कई सामाजिक समीकरणों और जातिगत आधारों को साधने का काम किया है। चव्हाण मराठावाड़ा क्षेत्र के कद्दावर नेता हैं और माना जा रहा है कि पार्टी ने अगामी लोकसभा चुनाव के समीकरणों को ध्यान में रखकर ही चव्हाण को राज्यसभा में भेजने का फैसला किया है।

वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को पार्टी ने गुजरात से राज्यसभा भेजने का निर्णय किया है। पहले इस बात की चर्चा चल रही थी कि पार्टी उन्हें हिमाचल प्रदेश से लोकसभा में चुनाव मैदान में उतार सकती है। लेकिन नड्डा ने चुनावी व्यस्तताओं का हवाला देते हुए स्वयं इस बात का खंडन कर दिया था। गुजरात से राज्यसभा जाने वालों में नड्डा के अलावा गोविंद भाई ढोलकिया, मयंक भाई नायक और जसवंतसिंह सलामसिंह परमार शामिल हैं। वहीं, महाराष्ट्र से राज्यसभा का टिकट पाने वालों में पूर्व सीएम चव्हाण के अलावा मेधा कुलकर्णी और डॉ अजीत गोपचड़े का नाम शामिल है। पहली सूची में शामिल 14 लोगों में पार्टी प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी और कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह के नाम शामिल थे।

**चव्हाण भाजपा व देवड़ा शिंदे नीत शिवसेना की कश्ती में होंगे सवार**





### अश्विनी वैष्णव को मिल रहा बीजद का समर्थन

एक अन्य सूची के अनुसार केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन मध्य प्रदेश से और अश्विनी वैष्णव अपना ओडिशा से नामांकन दाखिल करेंगे। अश्विनी वैष्णव के नामांकन को ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद) का समर्थन मिल रहा है। मध्यप्रदेश से अन्य तीन नामों में उमेश नाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर शामिल हैं। विधायकों की संख्या बल के हिसाब से देखें तो वर्तमान में चार सीटें भाजपा को मिलेंगी, जबकि एक सीट कांग्रेस के खाते में जाना तय है।

### पार्टी की सभी वर्गों को शामिल करने की कोशिश

सूत्रों के अनुसार पार्टी ने समाज के पिछड़े, दलित और अन्य वर्गों को प्रतिनिधित्व देते हुए यह संदेश देना चाहती है कि वह समान रूप से सभी के लिए कार्य कर रही है और समाज के सभी वर्ग उसके लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश के साथ-साथ गुजरात और महाराष्ट्र से भी सभी वर्गों को शामिल करने की कोशिश की गई है। पार्टी राज्यसभा के टिकटों के माध्यम से लोकसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति को धार देने में जुटी हुई है।

## कांग्रेस: MP में अशोक सिंह को टिकट देकर यादव मतों को साधा

### अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश से बनाया प्रत्याशी, माकन कर्नाटक से मैदान में

कांग्रेस ने भी राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपने चार उम्मीदवारों की घोषणा की। इसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी का है जो राजस्थान से प्रत्याशी हैं। इसके अलावा कांग्रेस ने वरिष्ठ अधिवक्ता और पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश से उम्मीदवार बनाया है। सिंघवी फिलहाल पश्चिम बंगाल से राज्यसभा सदस्या हैं और उनका कार्यकाल इस साल अप्रैल में समाप्त होने वाला है। वहीं, बिहार से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और महाराष्ट्र में चंद्रकांत हंडोरे को राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। इनके अलावा पार्टी ने कर्नाटक से अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चंद्रशेखर को उम्मीदवार बनाया है। जबकि मध्य प्रदेश से अशोक सिंह, तेलंगाना से रेणुका चौधरी और एम अनिल कुमार यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। ज्ञात रहे कि नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है और 16 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। वहीं 20 फरवरी तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान 27 फरवरी को होगा और नतीजे उसी दिन घोषित किए जाएंगे।



### अशोक सिंह ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में सिंधिया के प्रभाव को देंगे चुनौती

मध्यप्रदेश से अशोक सिंह को की उम्मीदवारी को पार्टी की लोकसभा चुनाव की रणनीति का ही हिस्सा माना जा रहा है। अशोक सिंह ग्वालियर-चंबल क्षेत्र से आते हैं, तीन बार लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हैं और कोषाध्यक्ष भी हैं। सिंह मुख्य रूप से दिग्विजय सिंह खेमे के नेता माने जाते हैं और यादव समाज से आते हैं। ऐसे में पार्टी ने यादव वर्ग से आने वाले नेता को राज्यसभा भेजकर इस वर्ग को साधने की कोशिश की है। क्योंकि भाजपा ने इसी वर्ग से आने वाले मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया है। सिंह के नाम का ऐलान कर कांग्रेस ने एक तरह से चौंकाया है, क्योंकि उनका नाम दूर-दूर तक चर्चा में नहीं था। दरअसल, कांग्रेस के राजमणि पटेल का राज्यसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है। पटेल ओबीसी वर्ग से आते हैं। ऐसे में पार्टी ने इसी वर्ग से जुड़े दूसरे नेता को राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। राजमणि पटेल विंध्य अंचल से आते थे, जबकि अशोक सिंह ग्वालियर-चंबल से आते हैं। ऐसे में पार्टी ने जातिगत समीकरणों के साथ-साथ क्षेत्रीय समीकरण भी साधे हैं।



### मराठा आरक्षण: कई जिलो में रहा बंद

# अनशन पर बैठे जरांगे की बिगड़ी तबीयत

**एजेंसी** | जालना/मुंबई



महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर आमरण अनशन पर बैठे मनोज जरांगे पाटिल की बुधवार को हालत बिगड़ गई। जरांगे जालना जिले के अंतरावली सराटी गांव में, पांच दिन से आमरण अनशन पर हैं। जरांगे ने कहा है कि मांगें नहीं माने जाने तक वो न अनशन तोड़ेंगे और ना ही अपना इलाज करवाएंगे। उन्होंने तीखे शब्दों में चेतावनी दी है कि अगर इस दौरान उनकी मौत हुई तो महाराष्ट्र लंका की तरह जलेगा। दूसरी ओर सकल मराठा समुदाय बुधवार को राज्य के कई जिलों में बंद रखा गया। बीड़, हिंगोली और मनमाड़ में बंद का असर नजर आया। बंद की वजह से जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। बीड़ में 13 फरवरी की आधी रात से ही 27 फरवरी तक धारा 144 लगा दी गई थी।

### जरांगे को मनाने की कोशिश

सरकारी अधिकारी जारांगे से मिल रहे हैं और उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, जारांगे ने कड़ा रुख अपनाते हुए साफ कहा है कि जब तक मांगे पूरी नहीं की जाएगी तबतक कोई समझौता नहीं होगा, सरकार पहले मांगें पूरी करें और फिर मेरे पास आए। बता दें, मनोज जारांगे ने भोजन और पानी का त्याग कर दिया है। उन्होंने डॉक्टरों से किसी भी तरह का इलाज कराने से भी इनकार कर दिया। मराठा आरक्षण अधिसूचना लागू हो यह सुनिश्चित करने के लिए जारांगे ने फिर से अनशन शुरू कर दिया था।

### विधानसभा का विशेष सत्र 20 को

मराठा आरक्षण के मुद्दे पर मचे घमासान के बीच राज्य सरकार ने महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा का 20 फरवरी को विशेष सत्र होगा। इसमें मराठा समुदाय की विभिन्न मांगों पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पहले भी विधानसभा का सत्र बुलाने के संकेत दिए थे, लेकिन अब मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद मराठा समुदाय की मांगों पर विधानसभा में चर्चा की जाएगी।

### MSME उत्पादों की प्रदर्शनी



*नई दिल्ली। केंद्रीय अतिलघु, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री नारायण राणे ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा में इन उद्योगों के विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इससे पहले राणे ने ग्रेटर नोएडा में चार नए तकनीकी केंद्रों,2 एक्सटेंशन सेंटर व 2 विकास केंद्रों का उद्घाटन किया।*

### रायबरेली में अब कौन, कांग्रेस मौन.. कयास मुखर

# कांग्रेस के गढ़ से प्रियंका गांधी लड़ सकती हैं अपनी पहली चुनावी लड़ाई

**एजेंसी** | रायबरेली

उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट देश की राजनीति में नेहरू-गांधी परिवार का सबसे मजबूत किला रही है। हालांकि पिछले दो लोकसभा चुनावों में पार्टी के मिले वोटों का अंतर कम हुआ है, लेकिन पार्टी के दबदबे से इनकार नहीं किया जा सकता।

अब रायबरेली से सांसद पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने पर यह सवाल उठने लगा है कि कांग्रेस इस बार किसको यहां से चुनाव मैदान में उतारेगी। भाजपा ने तंज कसते हुए कहा है कि सोनिया गांधी लोकसभा चुनाव में हार के डर से राज्यसभा में जा रही हैं। दूसरी ओर राजनीतिक क्षेत्रों में माना जा रहा है कि कांग्रेस रायबरेली सीट अब प्रियंका गांधी के लिए तैयार कर रही है। प्रियंका वहां से चुनाव लड़ सकती हैं। सियासी हलकों में रायबरेली ही नहीं, बल्कि अमेठी सीट पर भी चुनावी दावेदारी को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लेकिन कांग्रेस ने आधिकारिक स्तर पर इसके लिए अभी तक कुछ नहीं कहा है।

दरअसल, रायबरेली सीट कांग्रेस के लिए काफी अहम है। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में सिर्फ दो ही सीटें मिली थीं-अमेठी और रायबरेली, 2019 में राहुल गांधी अमेठी से हार गए और कांग्रेस को सिर्फ रायबरेली सीट पर ही जीत मिली।

अब 2024 में अगर गांधी परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ता है तो यह सीट भी हाथ से निकल सकती है। राहुल गांधी वर्तमान में केरल के वायनाड से सांसद हैं। चर्चा इस पर शुरू हो चुकी है कि क्या राहुल वापस अमेठी लौटेंगे।





### राय ने की थी प्रियंका के चुनाव लड़ने की हिमायत

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय भी प्रियंका गांधी से लोकसभा चुनाव लड़ने की अपील कर चुके हैं। उन्होंने तो ये तक कहा था कि अगर प्रियंका चुनाव लड़ने का फैसला करती हैं तो पार्टी उन्हें जिताने के लिए पूरी जान लगा देगी। प्रियंका गांधी यूपी में काफी समय तक सक्रिय रही हैं। विधानसभा चुनाव में उन्होंने जमकर पार्टी के लिए प्रचार किया था। रायबरेली में भी वो कई बार चुनाव प्रचार के लिए जाती रही हैं। लेकिन, अब तक उन्होंने कोई चुनाव नहीं लड़ा है. ऐसे में पार्टी उनके लिए सुरक्षित सीट की खोज में है।

### सोनिया ने हर बार दर्ज की जीत

सोनिया गांधी ने रायबरेली से 6 बार लोकसभा का चुनाव लड़ा है। इसमें एक उपचुनाव भी शामिल है। वह 2004 से ही रायबरेली सीट पर चुनाव लड़ती आई हैं। उन्हें हर बार जीत मिली है। रायबरेली को कांग्रेस की सबसे सुरक्षित सीट मानी जाती है। 1952 में फिरोज गांधी पहली बार रायबरेली से जीतकर संसद पहुंचे। इंदिरा भी यहां से चुनाव जीत चुकी हैं। लेकिन दो चुनाव में सोनिया गांधी की जीत का अंतर कम हुआ है। 2004 में जहां सोनिया की जीत का अंतर 2.5 लाख वोट था, वहीं 2009 में यह बढ़कर 3.7 लाख वोट हो गया। 2014 के लोकसभा चुनाव में सोनिया 3.5 लाख वोटों से जीतीं। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में यह अंतर घटकर 1.6 लाख तक आ गया। निश्चित तौर पर जीत के वोटों का घटता अंतर जनता का कांग्रेस की तरफ से मोहभंग को रेखांकित कर रहा था।

### नामांकन पर भाजपा ने कसा तंज

भाजपा ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजस्थान से नामांकन पत्र दाखिल करने पर कांग्रेस पर तीखा तंज कसा है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा है कि उत्तर प्रदेश कभी गांधी परिवार का गढ़ हुआ करता था, लेकिन अब गांधी परिवार ने उत्तर प्रदेश से अपना बस्ता बांध लिया है। कांग्रेस को पता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में इन्हें 80 में से जीरो सीटें मिलेंगी।गौरव भाटिया ने कहा है कि पिछली बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को यूपी में 80 में से केवल एक सीट मिली थी। जहां राहुल गांधी अपनी पुश्तैनी अमेठी सीट से हार गए थे।

## जरूरी खबर

### अरविंद केजरीवाल को ED ने भेजा छठा समन



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले के मामले में ईडी ने पूछताछ के लिए एक बार फिर समन भेजा है। जांच एजेंसी ने उन्हें छठी बार समन भेजा है। गौरतलब है कि इस मामले में आम आदमी पार्टी के कई नेता पहले से ही जेल में हैं। ज्ञात रहे कि केजरीवाल ईडी के कई समन के बाद भी जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं। हाल ही में इसे लेकर ईडी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। ईडी ने कहा था कि केजरीवाल जानबूझकर समन पर नहीं आए।

### 'मिलन' 19 से 51 देशों की नौसेना लेंगी भाग

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास 'मिलन' 2024 का आगाज 19 फरवरी से होगा। विशाखपत्तनम में आयोजित होने वाले यह अभ्यास 27 फरवरी तक चलेगा। 51 मित्र देश की नौसेना इस अंतरराष्ट्रीय अभ्यास में शिरकत कर रहे है। इसमें 35 युद्धपोत और पनडुब्बियों के साथ साथ 50 विमान शामिल होंगे। यह अभ्यास दो फेज में होगा पहले हार्बर फेज और दूसरा सी फेज। हार्बर फेज 19 से 23 और सी फेज 24 से 27 फरवरी तक आयोजित होगा। रक्षामंत्री 21 को इस मिलन 2024 का शुभारम्भ करेंगे।

### हल्द्वानी हिंसा: नौ आरोपितों की संपत्ति होगी कुर्क



**हल्द्वानी।** कोर्ट ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में गत दिनों हुई हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक समेत नौ फरार आरोपियों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। इनकी संपत्ति भी कुर्क होगी। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने मामले की मजिस्ट्रेट जांच भी शुरू कर दी है। दूसरी ओर शहर के संवेदनशील क्षेत्र में सातवें दिन भी कर्फ्यू जारी है। कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र में राहत पहुंचने के लिए प्रशासन ने क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र में अतिरिक्त डाक्टरों की तैनाती कर दी है। राशन व अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। बनभूलपुरा क्षेत्र में सरकारी जमीन पर बने अवैध मदरसा व नमाज स्थल तोड़ने के दौरान बवाल हुआ था।

## यूएई में सनातन...हिंदू मंदिर के उद्घाटन की झलक







*अबु धाबी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खाड़ी के महत्वपूर्ण देश संयुक्त अरब अमीरात के अबु धाबी में बुधवार को बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन किया है। मंदिर के उद्घाटन के दौरान पीएम मोदी ने वहां मौजूद संतों को नमन किया और मंदिर में पूजा अर्चना भी की।*

### नौसेना के लिए खरीदी जाएंगी रिमोट कंट्रोल गन



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन (SRCG) खरीदने का फैसला किया है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के मद्देनजर एसआरसीजी के लिए बुधवार को एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस अनुबंध की लागत 1752.13 करोड़ रुपए है व इनके निर्माण में 85 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह अनुबंध रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को और बढ़ावा देगा। यह अनुबंध 125 से अधिक भारतीय विक्रेताओं और रक्षा उपक्रम के लिए रक्षा विनिर्माण में एक बड़ा रास्ता खोलेगा।

## किसान आंदोलन: दिल्ली के सभी बॉर्डर सील

# दिल्ली हुई जाम, जनता सड़कों पर कर रही है त्राहिमाम!

एजेंसी | नई दिल्ली

किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने से रोकने के लिए दिल्ली की सीमाओं पर बहुस्तरीय अवरोधक, कंक्रीट के अवरोधक, लोहे की कीलों और कंटेनर की दीवारें लगाकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। दूसरी ओर, किसानों के प्रदर्शन और सुरक्षा के बीच दिल्ली के लोग सड़कों पर फंस गई है।

लंबे जाम होने के कारण लोगों को घंटों रोड पर इंतजार करना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार सिंधु बार्डर के बंद होने से कोंडली और राई इंडस्ट्रियल इलाके में काम करने वाले करीब 50 हजार से ज्यादा मजदूरों को कई किमी पैदल जाकर काम पर जाना पड़ रहा है।



कोंडली और राई औद्योगिक क्षेत्र में करीब 5 हजार से ज्यादा छोटी बड़ी फैक्ट्रियां हैं।

दिल्ली के सिंघू, टिकरी और गाजीपुर बॉर्डर पर भीषण जाम लगा है। किसानों के प्रदर्शन के मद्देनजर उत्तर प्रदेश और दिल्ली के बीच यूपी गेट के पास एक दीवार बनाई गई है। इसके ऊपर बाड़बंदी की गई है।

### एक दशक में कई फसलों के एमएसपी में शत प्रतिशत तक हुई है वृद्धि

दूसरी ओर भाजपा सूत्रों का दावा है कि मोदी सरकार किसानों की हितैषी है और लगातार एमएसपी बढ़ाती रही है। 2014-15 में जब मोदी सरकार केंद्र की सत्ता में पहली बार आई थी, तब से अब तक यानी 2023-24 तक कुछ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 100 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी कर चुकी है। आंकड़ों पर गौर करें तो चावल पर एमएसपी जो 2013-14 में 1345 रुपए प्रति क्विंटल था, वह बढ़कर 2023-24 में 2203 रुपए प्रति क्विंटल हो गया। दस साल के अंतर को देखें तो यह 858 रुपए प्रति क्विंटल का अंतर है, जो करीब 64 फीसदी होता है। इसी तरह, ज्वार और बाजरा की एमएसपी को देखें तो 10 वर्षों में इसे दोगुना किया जा चुका है। 2013-14 में ज्वार हाइब्रिड की एमएसपी 1500 रुपये प्रति क्विंटल थी, जिसे 2023-24 में बढ़ाकर 3180 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया। बाजरे की एमसएसपी को भी 1250 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2500 रुपए कर दिया गया। रागी का समर्थन मूल्य तो 10 सालों में दोगुना से भी ज्यादा कर दिया गया। 2013 में रागी की एमएसपी 1500 रुपए प्रति क्विंटल थी जिसे 2023-24 में बढ़ाकर 3846 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। सिर्फ एक साल में इसमें 268 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी हुई है।

## बेहमई कांड में 43 साल बाद आया फैसला

# जिंदा बचे एक आरोपी को आजीवन कारावास एक अन्य दोषमुक्त

एजेंसी | कानपुर देहात



बेहमई कांड में 43 साल बाद बुधवार को फैसला आ गया। इसमें कोर्ट ने जिंदा बचे एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है जबकि एक को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया है। इसे संयोग ही कहा जाए कि जिस तारीख को बेहमई में घटना हुई थी, 43 साल बाद उसी तारीख को फैसला आया। इस घटना में कुल 33 लोगों को आरोपी बनाया गया था। 14 फरवरी 1981 को बेहमई में नरसंहार हुआ था जिसमें 20 लोगों को एक लाइन में खड़ा कर गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। पांच लोग घायल हुए थे। इस घटना में डकैत फूलन देवी व उसके गिरोह के 33 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इसमें फूलन समेत 31 आरोपी मर चुके हैं। जबकि आरोपी मान सिंह अभी तक फरार है। पुलिस उसे नहीं ढूंढ पाई है। डीजीसी राजू पोरवाल ने बताया कि एंटी डकैती कोर्ट ने बेहमई कांड के आरोपी श्यामबाबू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि दूसरे आरोपी विश्वनाथ को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया।

# पंजाब के क्षेत्र में ड्रोन ना भेजे हरियाणा

एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब के अधिकारियों ने शंभू सीमा पर उनके क्षेत्र में आंदोलनकारी किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़ने के लिए हरियाणा द्वारा ड्रोन के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पंजाब के पटियाला के उपायुक्त शौकत अहमद पर्रे ने अंबाला के उपायुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि वे अंबाला के पास शंभू सीमा पर पंजाब के क्षेत्र के अंदर अपने ड्रोन न भेजें। हरियाणा पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली की ओर मार्च कर रहे किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने के वास्ते एक ड्रोन तैनात किया था। आरोप है कि किसार बैरिकेड तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। पर्रे ने बुधवार को बताया, मैंने अंबाला के उपायुक्त को हमारे क्षेत्र के अंदर ड्रोन नहीं भेजने के लिए पत्र लिखा है।

### पंजाब ने जताया विरोध



### अर्धसैनिक बलों ने किया बल प्रयोग

किसान नेता सरवन पंढेर ने बुधवार को कहा कि किसानों पर पुलिस नहीं बल्कि अर्ध सैनिक बल कार्रवाई कर रहे हैं। उन पर न सिर्फ आंसू गैस के गोले दागे गए बल्कि एसएलआर बुलेट और रबड़ बुलेट भी मारी गई। पंढेर ने कहा कि देश में पहली बार किसानों पर अर्ध सैनिक बलों ने बल प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि या तो सरकार उनकी बात माने वरना उनको विरोध करने दे।

### किसान संघ ने किया मार्च का विरोध

**नई दिल्ली।** किसान संगठनों के 'दिल्ली चलो' मार्च को लेकर देश के बड़े किसान संगठनों में मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के बाद आरएसएस से जुड़े भारतीय किसान संघ ने भी कहा कि वो किसी भी हिंसक आंदोलन का समर्थन नहीं करती है। भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय महामंत्री मोहिनी मिश्रा ने कहा, किसान संगठनों का दिल्ली चलो मार्च राजनीति से प्रभावित दिखाई देता है।

## राजमार्ग निर्माण का अवलोकन



*फरीदाबाद। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाली सड़क सहित राष्ट्रीय राजमार्ग-148 पर निर्माणाधीन फरीदाबाद बाईपास और डीएनडी सोहना राजमार्ग के निर्माण कार्य का बुधवार को निरीक्षण किया।*

## सुप्रीम कोर्ट में पेश की रिपोर्ट: बंगाल की जेलों में चार साल में जन्मे 62 बच्चे

# जेल आने से पहले गर्भवती थी अधिकांश महिला कैदी

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट को मंगलवार को बताया गया है कि पिछले चार वर्षों में पश्चिम बंगाल की जेलों में 62 बच्चों का जन्म हुआ और जिन महिला जिन महिला कैदियों ने उन्हें जन्म दिया, है, उनमें से अधिकांश जेल में लाए जाने पर गर्भवती थीं। सुप्रीम कोर्ट ने नौ फरवरी को पश्चिम बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने के आरोपों पर संज्ञान लिया था। इसके बाद कोर्ट ने गौरव अग्रवाल को न्याय मित्र के रूप में इस पर गौर करने और एक रिपोर्ट सौंपने को कहा था। अग्रवाल ने शीर्ष अदालत को बताया कि उन्हें पुलिस अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल में हिरासत में रहते हुए महिला कैदियों से पैदा हुए बच्चों के संबंध में जानकारी मिली है। कुछ मामलों में महिला कैदी पैरोल पर बाहर गई थीं और उम्मीद से वापस लौट आईं। गौरव अग्रवाल ने जेलों में प्रचलित कथित अमानवीय स्थितियों से संबंधित एक मामले में आवेदन दायर किया। उन्होंने कहा कि जेलों या महिलाओं के लिए बैरक में सुरक्षा उपायों को समझने के लिए उन्होंने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के जेल अधिकारियों के साथ चर्चा की।



### महिला बैरकों की पूर्ण सुरक्षा ऑडिट की जरूरत

न्याय मित्र ने कहा, देश में महिला जेलों और महिला बैरकों का पूर्ण सुरक्षा ऑडिट कराने की जरूरत है। साथ ही, महिला जेलों में चिकित्सा सुविधाओं की पड़ताल करने की भी जरूरत है ताकि उन्हें जेल में डाले जाने के समय और नियमित अंतराल पर उनकी उपयुक्त मेडिकल जांच हो सके। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत ने 30 जनवरी के अपने आदेश में जेलों में उनकी क्षमता से अधिक संख्या में कैदियों को रखे जाने से जुड़े कुछ पहलुओं की पड़ताल के लिए एक समिति गठित करने का निर्देश दिया है।

### महिला जेलों के लिए अलग समिति गठित करने पर किया जाए विचार

अग्रवाल ने सुझाव दिया कि महिला जेलों के संबंध में अदालत एक अलग समिति बनाने पर विचार कर सकती है. अग्रवाल ने अपने आवेदन में कहा किसी जिले की सबसे वरिष्ठ महिला न्यायिक अधिकारी से जेलों और महिलाओं के लिए बैरकों में मौजूदा सुरक्षा तंत्र का आकलन करने का अनुरोध किया जा सकता है। उसके साथ जिले की सबसे वरिष्ठ महिला पुलिस अधिकारी और संबंधित जेल या बैरक का अधीक्षक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे महिला कैदियों की सुरक्षा और कल्याण के लिए महिला कर्मियों की उपलब्धता का भी पता लगा सकते हैं।

## मणिपुर में फिर हिंसा...गोलीबारी

# भीड़ का आईआरबी पोस्ट पर हमला, हथियार लूटे

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर में मंगलवार से ही हिंसा का सिलसिला जारी है। उपद्रवियों ने आईआरबी पोस्ट से हथियार लूट लिया। गोलीबारी में एक जने की मौत हो गई और 3 लोग घायल हैं। उपद्रवियों ने पेंगेई के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में हमला किया और हथियार लूटने की कोशिश की। दूसरी ओर काकचिंग जिले के सुगनू गांव में बुधवार सुबह कुछ हथियारबंद लोगों ने गावों में तैनात ग्रामीण स्वयंसेवकों पर हमला कर दिया। जिसके बाद दोनों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि कई हथियारबंद लोगों ने सुगनू की ओर गोलियां चलाईं, जिसके बाद गांव के स्वयंसेवकों ने जवाबी कार्रवाई की। इसके साथ ही मोर्चा संभालने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को इलाके में भेजा गया। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार रात को चिंगरेल तेजपुर क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई थी। तेजपुर इलाके में उग्र भीड़ ने इंडिया रिजर्व बटालियन की पोस्ट पर भी हमला किया और गोला-बारूद सहित छह एके-47 राइफल, चार कार्बाइन, तीन 303 राइफल और दो एलएमजी लूट ली। पूर्वी इंफाल के यिंगांगपोकपी में मंगलवार रात करीब 9 बजे दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच अंधाधुंध गोलीबारी शुरू हो गई।

## बसंत पंचमी पर मंदिरों-संस्थाओं में रही कार्यक्रमों की धूम, गायत्री शक्ति पीठों में वाद्य यंत्रों का किया पूजन



# गुलाबी नगरी में बसंत बहार... शारदा मां का पूजन कर मांगा विद्या का दान

■ प्रज्ञा संस्थानों में छोटे बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया... कइयों को दी मंत्र दीक्षा

**बेधड़क | जयपुर**

माघ शुक्ल पंचमी को बसंत पंचमी के रूप में मनाया गया। ज्ञान, संगीत, कला, विद्या की देवी मां सरस्वती का भावभरा आह्वान कर वेद मंत्रोच्चार के साथ सोडशोपचार पूजन किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार के सभी शक्तिपीठ और चेतना केन्द्रों में बसंत पंचमी महोत्सव मनाया गया। पर्व पूजन के उपलक्ष्य में मां सरस्वती, वाहन मोर, वाद्य यंत्र वीणा का विशेष पूजन किया गया। सभी प्रज्ञा संस्थानों में छोटे बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गया। बड़ी संख्या में मंत्र दीक्षा, यज्ञोपवीत, पुंसवन संस्कार कराए गए। गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि ब्रह्मपुरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में देव पूजन के बाद 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां अर्पित की गई। व्यासपीठ से डॉ. रेखा, गायत्री कचोलिया, गायत्री तोमर, दिनेश आचार्य ने विधि विधान से यज्ञ संपन्न कराया।

वस्थापक सोहन लाल शर्मा, सह-व्यवस्थापक मणिशंकर चौधरी व अन्य ने समाधि स्थल का पूजन किया।





फोटो: पंकज शर्मा

### सरस्वती-गायत्री मंत्र के साथ खीर की आहुतियां

शक्तिपीठ के व्यवस्थापक रणवीर सिंह ने बताया कि दीक्षा, पुंसवन, यज्ञोपवीत, जन्म दिवस सहित अन्य संस्कार कराए गए। गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ में बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया। मुख्य ट्रस्टी धर्म सिंह ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जनता कॉलोनी, दुर्गापुरा, मुरलीपुरा, वैशालीनगर, प्रतापनगर, गांधीनगर स्थित गायत्री चेतना केन्द्र में बसंत पंचमी पर्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक जन्म दिवस के रूप में मनाया गया। गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा की ओर से विकास नगर विस्तार के श्री राधा कृष्ण मंदिर में बड़ी संख्या में बच्चों ने सरस्वती-गायत्री मंत्र के साथ खीर से आहुतियां अर्पित कीं।

### संत और बसंत एक समान

श्रीअमरापुर स्थान में सुबह 6.30 बजे मां सरस्वती देवी, लड्डू गोपाल, भगवान लक्ष्मी नारायण, आचार्यश्री को पीले वस्त्र (पोशाक) धारण कराकर कुंगू केसर तिलक से पूजा-अर्चना की गई। पीले-मीठे चावल, पीले लड्डू, पीले चावलों से निर्मित खीर अन्य पीले व्यंजनों का भोग लगाया गया। संत-महात्माओं द्वारा भजन व सत्संग किया गया। हाजरा हजूर सतगुरु स्वामी भगत प्रकाशजी महाराज द्वारा प्रवचन में बताया कि संत और बसंत एक समान है। बसंत ऋतु के आगमन से प्रकृति हरित हो जाती है और संत के आगमन से जीवन हरित हो जाता है। श्रीअमरापुर स्थान व्यवस्थापक संत श्रीमोनूराम ने बसंत की महिमा बताते हुए कहा कि बसंत ऋतु की हवा-एक लाख रुपए की दवा के समान है। उत्सव में श्री मंदिर, समाधी साहब व मुख्य द्वार पर पीले फूलों से आकर्षक रंगोली सजाई गई।

### साधना का संकल्प कराया

किरण पथ मानसरोवर स्थित गायत्री वेदना निवारण केन्द्र में पर्व पूजन और नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ में सरस्वती गायत्री महामंत्र के साथ विशेष आहुतियां अर्पित की गई। इस मौके पर गायत्री परिवार की संस्थापक भगवती देवी शर्मा माताजी व अखंड दीप जन्म शताब्दी साधना का संकल्प कराया गया। वहीं, सांगानेर स्थित गायत्री शक्तिपीठ वाटिका में उत्सव के तहत सुबह देव पूजन के बाद 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ।

## City इवेंट्स

### सम्मेलन में 11 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**बेधड़क. जयपुर।** बसंत पंचमी पर श्रीक्षत्रिय कुमावत समाज कल्याण संस्थान की ओर से दहमी कला दहमी बालाजी मे सामूहिक विवाह सम्मेलन में 11 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। संस्थान द्वारा वर-वधु को सोने के आभूषण, एलईडी, पायजेब व अलमारी दी गई। समाज के भामाशाहों की ओर से बेड, सिलाई मशीन, पंखा, घड़ी व अन्य सामान भेंट दिया गया। भामाशाह चंदा लाल मारवाल, राम सहाय सिरोडिया, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा व समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने जोड़ों को आशीर्वाद दिया। विधायक कैलाश वर्मा ने कार्यक्रम में शामिल होकर शुभकामनाएं दीं।

### फनगामा में प्रतिभाएं देंगी प्रस्तुति

**बेधड़क, जयपुर।** क्यूरिओ चिल्ड्रंस थिएटर एंड परफॉर्मिंग आर्ट सोसायटी की ओर से फनगामा सीजन-4 की शुरुआत गुरुवार से की जाएगी। कन्वीनर गगन मिश्रा ने बताया कि रवींद्र मंच के मुख्य सभागार में 15-17 फरवरी सुबह 10:30 बजे जयपुर, बीकानेर और पटना के बाल नाटय ग्रुप्स की प्रस्तुतियां होंगी। 16 फरवरी को बीकानेर की नव जन जागृति विचार कल्याण संस्था द्वारा रुद्र शैशव (अवरुद्ध बचपन) का मंचन होगा। 17 को कृष्ण कला केंद्र नाथद्वारा की बाल लोक गायिका नेहल शर्मा के लोक गायन की प्रस्तुति रवींद्र मंच पर रहेगी। उसके बाद स्माइल एंड होप संस्था जयपुर की प्रस्तुति अजन्मों का नगर और गुड्डी का मंचन होगा। 8 मार्च को आरोही कथक अकादमी बजाज नगर के मंच पर पटना की रंग उमंग संस्था का तेलानी रामा पर आधारित बाल नाटक विकट कवि का मंचन सांय 6 बजे होगा।

### नलिनी कठोतिया का अभिनंदन



**बेधड़क, जयपुर।** जैन समाज की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अल्पसंख्यक मामलात विभाग की नवनियुक्त निदेशक नलिनी कठोतिया से शिष्टाचार भेंट कर उनका सम्मान किया। दुपट्टा, शाल ओढ़ाकर व पगड़ी पहनाने के साथ उनको भगवान महावीर का चित्र भेंट किया। इस मौके पर राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, महामंत्री मनीष बैद, धर्म जागृति संस्थान प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला, राजस्थान जैन युवा महासभा अध्यक्ष प्रदीप जैन, दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अध्यक्ष अनिल जैन, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन राजस्थान के राजेश बड़जात्या, जैन बैंकर्स अध्यक्ष भाग चंद मित्रपुरा, समग्र जैन युवा परिषद अध्यक्ष अशोक बांठिया, श्री दिगम्बर जैन मुनि संघ सेवा समिति मुकेश जैन, रूपेन्द्र छाबड़ा रमेश गंगवाल सहित मुकेश जैन रेलवे, पंकज जैन सहित बडी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए। कठोतिया ने अल्पसंख्यक योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने तथा पूरे समुदाय में योजनाओं का प्रचार कर हर वर्ग को प्रोत्साहित करने के लिए आह्वान किया।

#### बसंत पंचमी पर भगवान का विशेष श्रृंगार

## कृष्ण और बलराम हुए बसंती धारण की सजीली पीली पोशाक



**बेधड़क | जयपुर**

जगतपुरा स्थित श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में बसंत पंचमी मनाई गई। इस मौके पर कृष्ण बलराम का विशेष श्रृंगार किया गया और भक्तों ने जयकारे लगाए। विशेष पीली पौशाक धारण कराई गई है। मंदिर को पीले फूलों के विशेष अलंकार से सजाया गया और फूल बंगला झांकी सजाई गई। मंदिर में श्री पुंडरिक विद्यानिधि, श्री रघुनंदन ठाकुर व श्री रघुनाथ दास गोस्वामी, श्री विष्णुप्रिया देवी के आविर्भाव दिवस और श्री विश्वनाथ चक्रवर्ती ठाकुर के तिरोभाव दिवस पर विशेष अनुष्ठान किए गए। सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।

भक्तों ने भगवान के दिव्य दर्शन का लाभ उठाया और दिव्य अनुष्ठान में भाग लिया। उन्होंने वैष्णव संतों के जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में गहन चर्चा की। मंदिर में कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने भाव-विभोर होकर भगवान का गुणगान करते हुए नृत्य किया। मंदिर अध्यक्ष अमितासन दास ने भक्तों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि पुराणों के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने सरस्वती से प्रसन्न होकर उन्हें वरदान दिया था, कि बसंत पंचमी के दिन उनकी पूजा की जाएगी।

इस कारण हिन्दू धर्म में बसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है और इस दिन को शुभ, समृधि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है।

### गोस्वामी को मिलेगा व्यंग्य भूषण सम्मान



**जयपुर।** व्यंग्यकार प्रभात गोस्वामी को व्यंग्य विधा में सियाराम अवस्थी व्यंग्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। चुनिंदा साहित्यकारों को विभिन्न विधाओं में योगदान देने के लिए वर्ष-2023 के पुरस्कार 9 मार्च को दिल्ली में दिए जाएंगे।

आचार्य राजेश कुमार ने बताया कि जयपुर के गोस्वामी का चयन सर्व सम्मति से किया गया है। गोस्वामी के अब तक 5 व्यंग्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। 10 साझा व्यंग्य संग्रहों में उनके व्यंग्य शामिल हैं।

#### बिहार समाज संगठन का कार्यक्रम

## समाज में योगदान देने वालों को किया सम्मानित



**बेधड़क | जयपुर**

बिहार समाज संगठन की ओर से दुर्गा विस्तार कॉलोनी एनबीसी में सरस्वती पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महापौर मुनेश गुर्जर, भाजपा नेता सुमन शर्मा, यूबी निदेशक अजयपाल सिंह, एडवोकेट अर्चना झा, सतीश चंद अग्रवाल समेत अन्य गणमान्य लोगों को उनके समाज में योगदान को लेकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान भोजपुरी एवं मैथिली लोकगीत गायकों ने पूरे समारोह को मां शारदे की भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। बुधवार की सुबह मां शारदे की छह फीट से अधिक बड़ी प्रतिमा की विधिवत पूजा के बाद शुरू हुए कार्यक्रम पूरे दिन चले। इस दौरान भक्ति गीत, नाटक मंचन समेत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में संगठन अध्यक्ष पवन शर्मा, महासचिव चंदन कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशिशंकर झा, कोषाध्यक्ष सुरेश पंडित, संजीव मिश्रा, सुशील कुमार सिन्हा, अरविंद ओझा, शेषनाथ तिवाड़ी समेत कार्यकारिणी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाया।

**धरती धोरां री** | महाभारत के द्रोणाचार्य-शक्तिमान के किलविश सुरेंद्र पाल सिंह करेंगे चीयरअप

# मरुधरा हॉफ मैराथन में दिखेगी राजस्थान की संस्कृति

**बेधड़क | जयपुर**

कल्पतरु शिक्षा समिति की ओर से रॉयल राजस्थान रनर्स व देसी अखाड़ा के सहयोग से 24 मार्च को अपनी ही तरह की एक अलग मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

इसका उद्देश्य समाज को स्वस्थ रखने का संदेश देने के साथ राजस्थानी संस्कृति, पुरातत्व व विविधता को प्रदर्शित करते हुए धरती धोरां री की परिकल्पना के साथ राजस्थान को मरुधरा के रूप में विश्व पटल पर पहचान दिलाना होगा।

### 4 कैटेगरी में दौड़ेंगे जयपुराइट्स

मैराथन 4 कैटेगेरी 3, 5, 10, 21 किलोमीटर में होगी। इसमें 10 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के सभी महिला-पुरुष भाग ले सकते हैं। विजेताओं को ट्रॉफी व नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। मेराथन की शुरुआत सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित होटल नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर से होगी, जो औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न रास्तों से होते हुए होटल कन्वेंशन सेंटर पर समाप्त होगी। इसका मुख्य आकर्षण राजस्थानी थीम होगी।



**मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पोस्टर लॉन्च**

आयोजन समिति ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर जाकर गणेशजी को प्रथम निमंत्रण देकर मैराथन के पोस्टर का विमोचन किया। इसके बाद प्रचार-प्रसार की विधिवत शुरुआत की। आयोजन समिति अध्यक्ष सुनील गौड़ ने बताया कि मैराथन में सेलिब्रिटी गेस्ट महाभारत के द्रोणाचार्य और शक्तिमान सीरियल के तमराज किलविश के रूप में ख्याति प्राप्त एक्टर सुरेंद्र पाल सिंह प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने की लिए उपस्थित रहेंगे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

आयोजन समिति संरक्षक नितिन दुबे ने बताया कि आयोजन स्थल पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम राजस्थानी नृत्य, संगीत, कला, पौषक, खान-पान के साथ उस दिन होली होने की वजह से प्रतिभागियों के लिए चंग-ढफ के साथ फूलों की होली खेलने की व्यवस्था रहेगी। गणेश निमंत्रण एवं पोस्टर विमोचन के मौके पर पंकज शर्मा, विजय महरवाल, प्रदीप जोशी, पंकज जांगिड़, मेधावी शर्मा, कृषणपाल उपस्थित रहे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, गुरुवार, 15 फरवरी, 2024





जीवन वास्तव में सरल है, लेकिन हम इसे जटिल बनाने पर जोर देते हैं।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## मैग्लेव ट्रेन ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड



**बीजिंग।** चीन की एयरोस्पेस साइंस एंड इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन ने दुनिया की सबसे तेज हाई स्पीड ट्रेन के सफल परीक्षण का दावा किया है। एजेंसी ने कहा कि नई मैग्नेटिकली लेविटेटेड ट्रेन ने सिर्फ 2 किमी लंबी लो-वैक्यूम ट्यूब में टेस्ट के दौरान 623 किलोमीटर प्रति घंटे (387 मील प्रति घंटे) की रफ्तार हासिल की। यह रिकॉर्ड एक बड़ी कामयाबी है। रिपोर्ट के मुताबिक ऐसे में ट्रेन ने अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पहली बार अल्ट्रा-फास्ट हाइपरलूप ट्रेन ने लो-वैक्यूम ट्यूब में स्टेबल एलिवेशन प्राप्त किया।

### हमले की साजिश रचने वाला सुरंग में घूम रहा है हमास कमांडर

# आतंकी सिनवार को जिंदा या मुर्दा पकड़कर रहेंगे

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल और हमास के बीच पिछले कई महीने से चल रहे युद्ध में अब तक 28 हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। हमास के आतंकियों ने सात अक्टूबर को इजराइल में अचानक हमला कर दिया था, जिससे कई लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में लोगों को बंधक बना लिया। इसके बाद से ही इजराइल ने बदला लेते हुए गाजा पट्टी में अब तक हमास के हजारों आतंकियों को ढेर कर दिया है। सात अक्टूबर के हमले के बाद से साजिश रचने वाला हमास कमांडर याह्या सिनवार गायब था। अब इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक फुटेज जारी किया है, जिसमें दावा किया गया कि हमास कमांडर याह्या सिनवार अपने परिवार के सदस्यों के साथ गाजा सुरंग से गुजर रहा है। इसके बाद इजराइल ने साफ किया है कि वह सिनवार को जिंदा हो या मुर्दा पकड़कर ही रहेगा। लगभग एक मिनट लंबे इस वीडियो क्लिप में सिनवार को दक्षिणी गाजा शहर के नीचे एक सुरंग में उसकी पत्नी और तीन बच्चों के साथ उसे दिखाया गया है। इसका नेतृत्व उसका भाई इब्राहिम कर रहा था। हालांकि, कैमरे के सामने कमांडर की पीठ दिखाई दे रही है, लेकिन आईडीएफ का दावा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके सिनवार की पहचान कर ली गई है।



**इजराइली जेल में रहा 23 साल:** 61 साल का सिनवार हमास के एजदीन अल-कसम ब्रिगेड का पूर्व कमांडर हैं और 2017 में फिलिस्तीनी समूह के प्रमुख के रूप में चुना गया था। उसने साल 2011 में अपनी रिहाई से पहले इजराइली जेलों में 23 साल बिताया है। हाल ही में आईडीएफ सैनिकों द्वारा प्राप्त हमास के सीसीटीवी फुटेज में सिनवार स्वस्थ दिखाई दे रहा है और एक बैग ले जा रहा है, जबकि उसकी बेटी एक गुड़िया पकड़े हुए है। फुटेज सुरंगों से लिया गया था।

### पाकिस्तान में सरकार बनाने का फॉर्मूला तय

# शहबाज शरीफ पीएम पद के लिए नॉमिनेट

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ को उनकी पार्टी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के प्रवक्ता मरियम औरंगजेब ने 'एक्स' में कहा कि 74 वर्षीय पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ ने अपने छोटे भाई 72 वर्षीय शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए और उनकी 50 वर्षीय बेटी मरियम नवाज को पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री पद के लिए नामित किया है। उन्होंने कहा कि नवाज शरीफ ने पीएमएलएन को आगामी सरकार बनाने में समर्थन देने वाले राजनीतिक दलों को धन्यवाद दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि ऐसे फैसलों से पाकिस्तान संकट से बाहर आ जाएगा।

इससे पहले पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी भी प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल थे। हालांकि उन्होंने खुद को इससे अलग कर लिया। इसके बाद शहबाज शरीफ के नाम का ऐलान किया गया। बिलावल ने कहा था कि उनकी पार्टी नई सरकार का हिस्सा बने बिना पूर्व प्रधानमंत्री नवाज का समर्थन करेगी।



### शरीफ सरकार पर सहमत हुए प्रमुख दल

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी को छोड़कर पाकिस्तान की प्रमुख पार्टियों ने घोषणा की कि वे पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनाने की कोशिश करेंगे। इससे राजनीतिक व्यवस्था के भविष्य के स्वरूप के बारे में अटकलें खत्म हो जाएंगी। हालांकि, शहबाज शरीफ संभवतः उसी तरह की सरकार का नेतृत्व करेंगे जैसा कि उन्होंने अप्रैल, 2022 में इमरान खान के सत्ता से बाहर होने के बाद किया था। शहबाज ने पीपीपी के आसिफ अली जरदारी, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) के खालिद मकबूल सिद्दीकी के साथ एक परामर्शी बैठक के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कायद (पीएमएल-क्यू) के शुजात हुसैन के आवास पर मुलाकात की।

**जरदारी होंगे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार:** एक सवाल के जवाब में बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि उनके पिता और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे क्योंकि वह देश को मौजूदा समस्याओं से बाहर निकालने में सक्षम हैं। खंडित जनादेश के कारण नए चुनावों से इनकार करते हुए उन्होंने यह भी घोषणा की कि मौजूदा चुनावों के बाद संसद का गठन किया जाएगा और हम लोगों को निराश नहीं करेंगे।

**दो धार्मिक दलों से गठबंधन करेगी PTI:** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने घोषणा की कि वह केंद्र के साथ-साथ पंजाब और खैबर-पख्तूनख्वा प्रांतों में सरकार बनाने के लिए दो दक्षिणपंथी धार्मिक पार्टियों के साथ गठबंधन करेगी। पीटीआई के सूचना सचिव रऊफ हसन ने कहा, पार्टी ने केंद्र और पंजाब में सरकार बनाने के लिए मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन (एमडब्ल्यूएम) और खैबर-पख्तूनख्वा में जमाती-ए-इस्लामी (जेआई) में शामिल होने का फैसला किया है। दोनों पार्टियों में शामिल होने से, पीटीआई नेशनल असेंबली में 70 आरक्षित सीटों और चार प्रांतीय विधानसभाओं में 156 आरक्षित सीटों में हिस्सेदारी का दावा करने में सक्षम होगी।

### कैलिफोर्निया: घर में मिली पति-पत्नी और मासूम बच्चों की लाशें

# भारतीय मूल के परिवार की संदिग्ध मौत

**एजेंसी** | कैलिफोर्निया

अमेरिका के कैलिफोर्निया में भारतीय मूल के एक दंपती की उनके ही आलीशान बंगले में संदिग्ध अवस्था में लाश मिली है। इस दंपती के साथ उनके चार वर्षीय जुड़वां बच्चे भी मृत पाए गए हैं। इन सभी के शरीर पर गोली लगने के निशान हैं। लाश खून से लथपथ थी। यह परिवार केरल का मूल निवासी है। मृतकों की पहचान 42 वर्षीय आनंद सुजीत हेनरी, उनकी 40 वर्षीय पत्नी एलिस प्रियंका और उनके 4 वर्षीय जुड़वां बच्चे नूह और नीथन के रूप में की गई है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को भारतीय-अमेरिकी दंपती आनंद और ऐलिस बाथरूम के अंदर मृत पाए गए। उनके शरीर पर गोली लगने के निशान थे। उनके जुड़वां बच्चे एक बेडरूम में मृत पाए गए। पुलिस इन सभी की मौत के कारणों का खुलासा नहीं कर पाई है। पुलिस के मुताबिक यह सुसाइड या मर्डर दोनों हो सकता है, फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

पुलिस के मुताबिक, बाथरूम से 9 एमएम की एक पिस्तौल और एक लोडेड मैगजीन बरामद की गई है। रिकॉर्ड से पता चला है कि दंपती ने 2020 में 17.43 करोड़ रुपए में आलीशान बंगला खरीदा था।




### पृथ्वी के ग्रहण से ठीक दो महीने पहले दिखा

# मंगल पर सूर्य ग्रहण... नासा ने खींची तस्वीर

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

साल 2024 में कई ग्रहण देखने को मिलेंगे। चंद्र ग्रहण के साथ सूर्य ग्रहण जैसी खगोलीय घटनाओं का यह साल गवाह बनेगा। सूर्य ग्रहण तब लगता है जब चंद्रमा पृथ्वी के बीच आ जाए और सूर्य के प्रकाश को रोक दे। अप्रैल में अमेरिका में सूर्य ग्रहण लगेगा। लेकिन सिर्फ पृथ्वी नहीं है, जहां पर सूर्य ग्रहण लगता है।

सौर मंडल के दूसरे ग्रहों पर भी इस तरह का ग्रहण लगता है। अमेरिका में लगने वाले सूर्य ग्रहण से पहले मंगल पर इस तरह का एक ग्रहण लगा है। मंगल पर मौजूद नासा के पर्सीवरेंस रोवर ने इस ग्रहण को देखा है। पिछले सप्ताह नासा के पर्सीवरेंस रोवर की ओर से खींची गई तस्वीरों के टाइमलैप्स में लाल ग्रह के छोटे चंद्रमा फोबोस को सूर्य के सामने से गुजरते देखा गया, जो एक आकर्षक दृश्य बनाता है। मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर में यह रोवर 2021 में उतरा था। इसने आठ फरवरी को सूर्य के सामने से गुजरते हुए अजीब आकार वाले छोटे चंद्रमा को गुजरते देखा। नासा की जेट प्रोपल्शन लैबोरेटरी के इंजीनियरों ने बाद में सूर्य ग्रहण की 68 तस्वीरों को ऑनलाइन अपलोड किया।



### पृथ्वी जैसा नहीं होता मंगल पर ग्रहण

रोवर के बाएं मास्टकैन-जेड कैमरा ने तस्वीर खींची। पिछले सप्ताह यह कैमरा आसमान की ओर देख रहा था, तभी इसे उल्कापिंड के आकार का फोबोस चंद्रमा दिखाई दिया। पृथ्वी की ही तरह सौरमंडल के दूसरे ग्रहों के भी चंद्रमा है, ऐसे में उन ग्रहों पर भी सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण लग सकता है, लेकिन सौरमंडल के ज्यादातर ग्रहों के चंद्रमा या तो बेहद छोटे हैं या फिर काफी दूर हैं, जिस कारण एक पूर्ण सूर्य ग्रहण नहीं हो सकता। 8 अप्रैल को पृथ्वी पर एक पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखाई देगा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

## "सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl